हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11 खेल



ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा का इंडिया टीम में चयन, साउथ अफीका में टी-20...

Page 09 देश



मुख्यमंत्री फडणवीस ने उद्धव ठाकरे की सराहना की, दिया भावुक विदाई भाषण

शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 26 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 113 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,34,450 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1974 :** चिपको जिले, उत्तराखंड, भारत में किसान महिलाओं के एक समूह ने चिपको आंदोलन को जन्म देते हुए, लकड़हारा को रोकने के लिए पेड़ों को घेरने के लिए अपने शरीर का उपयोग किया।

**2011 :** टोक्यो की रिपोर्ट है कि इसकी जल आपूर्ति में विकिरण का स्तर सामान्य पर लौट आया है।

**समृद्धि यात्रा :** सीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिया तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# भोजपुर को 466 करोड़ की सौगात, 721 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

- 29,112 जीविका समूहों को 236 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक वितरित।
- मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 78 लाभुकों को 3.90 करोड़ रुपये की सहायता।

निज संवाददाता | आरा (भोजपुर)

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान भोजपुर जिले को 466 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दी। इस क्रम में उन्होंने 197 करोड़ रुपये की लागत से 494 योजनाओं का उद्घाटन तथा 269 करोड़ रुपये की लागत से 227 योजनाओं का शिलान्यास किया। भोजपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 100 शैय्या वाले गहन चिकित्सा खंड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 44.50 करोड़ रुपये है। साथ ही अस्पताल के शैक्षणिक भवन, चिकित्सक आवास और अन्य निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने दूरसंवेदी नियंत्रण के माध्यम से जिले की सैकड़ों योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी केंद्रों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को इन सभी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन बाजार समिति, आरा पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया। साथ ही जीविका विपणन केंद्र सह प्रशिक्षण केंद्र और स्वादिका भोजनालय का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से जीविका दीदियों को स्वरोजगार में बढ़ावा मिलेगा और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी, संजय सिंह टाइगर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से भोजपुर जिले के विकास को नई गति मिलेगी और आम लोगों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।



### 236 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक किया प्रदान

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 29,112 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 236 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 78 लाभुकों को 3 करोड़ 90 लाख रुपये की सहायता दी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना, अंतर्जातीय विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को भी सहायता राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने शून्य मील, आरा में रुककर जिले में चल रही विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं की समीक्षा की। इनमें सड़क चौड़ीकरण, ऊपरी पुल निर्माण, परिधि मार्ग, सुरक्षा बांध सुदृढ़ीकरण और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

# सक्षमता तृतीय-चतुर्थ उत्तीर्ण शिक्षकों को 31 से पहले मिलेगा नियुक्ति पदस्थापन-पत्र

निज संवाददाता | पटना

स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा के तृतीय एवं चतुर्थ चरण में सफल होकर काउंसलिंग पूरी कर चुके शिक्षकों को 31 मार्च 2026 से पहले औपबंधिक नियुक्ति पत्र और विद्यालय पदस्थापन पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने पटना जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार, नियुक्ति एवं पदस्थापन से जुड़े सभी दस्तावेज जिला शिक्षा कार्यालय से संबंधित प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा कार्यालयों को भेजे जाएंगे।

वहीं से इन दस्तावेजों का वितरण सफल शिक्षकों के बीच किया जाएगा, ताकि समय पर योगदान प्रक्रिया पूरी हो सके। सभी चयनित शिक्षकों को अनिवार्य रूप से एक अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच अपने-अपने आवंटित विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान देना होगा। विद्यालय में योगदान देने की तिथि से ही उन्हें विशिष्ट शिक्षक का दर्जा प्राप्त हो जाएगा और उसी तिथि से वे स्थानीय निकाय शिक्षक के पद से स्वतः विरमित माने जाएंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों को उनके योगदान की तिथि से ही विशिष्ट शिक्षक के रूप में वेतन का लाभ मिलेगा।

# कंपार्टमेंटल परीक्षा में छूटे और फेल परीक्षार्थियों को मौका

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने उन छात्रों को राहत दी है जिनकी इंटर परीक्षा छूट गई थी या जो किसी विषय में फेल हो गए थे। विशेष और कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए आवेदन 2 अप्रैल तक लिए जाएंगे। सेंटअप परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को मौका मिलेगा, जबकि अनुत्तीर्ण छात्रों को आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने उन छात्रों को राहत दी है जिनकी इंटर की परीक्षा किसी कारणवश छूट गई थी या जो किसी विषय में फेल कर गए हैं। बिहार बोर्ड ने ऐसे परीक्षार्थियों के लिए विशेष और कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है। आवेदन 2 अप्रैल तक लिए जाएंगे। परीक्षार्थी को अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से निर्धारित तिथि में https://intermediate.biharboardonline.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।






# संक्षिप्त समाचार

## उदयीमान सूर्य को अर्ध्य प्रदान करने के साथ ही चार दिवसीय छठ पूजा सम्पन्न

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड में बुधवार को उदीयमान सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किया। इसी के बाद चार दिवसीय चैती छठ पूजा हर्षोल्लास व भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। प्रखण्ड के रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट,सोखोदेवरा सूर्य मंदिर छठ घाट,नावाडीह,भोरमबाग,मधुरापुर, पचम्बा,बाजितपुर आदि विभिन्न छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं विभिन्न छठ घाटों के अलावे ग्रामीणों के सौजन्य से बनाये गए कृत्रिम छठ घाटों पर छठी मईया की गीतों के बीच श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। रानीबाजार सूर्य मन्दिर छठ घाट पर स्थानीय पूजा कमिटी ने साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम किए थे। वहीं शिव पार्वती मन्दिर कमिटी रानीबाजार के अध्यक्ष अंकित सिंह एवं उपाध्यक्ष बिपिन चौरसिया के नेतृत्व में कमिटी के सदस्यों संजीव साहू,सिंटू चौरसिया,सन्नी सिंह,विकास,शैलेन्द्र,विनय,कारू पण्डित,राजा,प्रमोद आदि के द्वारा निःशुल्क पेयजल एवं शरबत का सेवा शिविर लगाया गया। सोखोदेवरा छठ घाट पर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल के नेतृत्व में मेडिकल कैम्प लगाया गया। जबकि छठ घाटों पर सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम रहे।

## कौआकोल के जंगली इलाकों में हाथियों का तांडव, दहशत में ग्रामीण

### रातभर किया रतजग्गा,वन विभाग की टीम अलर्ट

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के दरावां पंचायत में हाथियों के झुंड ने दस्तक देकर ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। प्रखण्ड के नेढला,भुआलटांड़ समेत आधा दर्जन गांवों में हाथियों के पहुँचने से अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने रात भर मशालें जलाकर और शोर मचाकर हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की मौजूदगी से डरे-सहमे ग्रामीणों ने पूरी रात जागकर (रतजग्गा कर) काटी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम भी पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। हाथियों का झुंड फिलहाल गोपालपुर आहर एवं नावाडीह जंगल में होने की सूचना है। जमुई डीएफओ के नेतृत्व में कौआकोल वन विभाग और कोलकाता से बुलाए गए विशेषज्ञों की विशेष टीम इलाके में कैंप कर रही है ताकि किसी भी अनहोनी को रोका जा सके। बता दें कि प्रखण्ड के जंगली इलाकों में बसे दर्जनों गांवों में इन दिनों हाथियों का आतंक चरम पर है। रुक-रुक कर हो रहे हाथियों के हमले से ग्रामीण खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

## रामनवमीं शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कौआकोल**। कौआकोल थाना परिसर में बुधवार को सदर एसडीओ अमित अनुराग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी पूजा शोभा यात्रा से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में रामनवमीं शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से शांतिपूर्ण माहौल में शोभा यात्रा सम्पन्न करेंगे। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा की पूरी तैयारी पहले से कर लें ताकि रूट के अनुसार सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी ने शोभा यात्रा समिति से कहा कि अपने वॉलिंटियर पर्याप्त संख्या में तैनात रखेंगे एवं पुलिस व प्रशासन को सहयोग करते हुए शोभा यात्रा संपन्न करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में शोभा यात्रा के सदस्यों के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को जानकारी दिया गया की 01 अप्रैल को 10 बजे दिन से शोभा यात्रा गायत्री प्रोजेक्ट स्कूल जोरावरडीह से निकाली जाएगी,जो जोगाचक,कौआकोल बाजार,दुर्गामण्डप से थाना रोड होते हुए रानीबाजार सूर्य मंदिर तक जायेगी। पुनः बिझो मार्ग से जेपी चौक होते हुए गायत्री मन्दिर तक समापन होगी। मौके पर बैठक में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,डॉ० चन्द्रिका प्रसाद, मुकुल सिंह,गोपाल रजक,राहुल शुक्ला,देवराज,सूरज साव,राजीव कुमार,सुभाष लाल,युगल किशोर लाल,अभिमन्यु कुमार,बालमुकुंद सिंह आदि मौजूद थे।

## बापू इंटर विद्यालय में सखी सहायता केंद्र द्वारा किशोरियों को स्वच्छता किट का वितरण



**कौआकोल**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए अधिष्ठापित सखी सहायता केंद्र के तत्वावधान में छात्राओं के बीच 'एडोलेसेंट किट' (किशोरी स्वच्छता किट) का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि वितरित की गई किट में मुख्य रूप से सैनिटरी पैड,हैंड सैनिटाइजर,एंटीसेप्टिक रुमाल व कॉटन आदि वस्तुएं शामिल है। सखी सहायता केंद्र के प्रतिनिधि व शिक्षिका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से छात्राओं में झिझक दूर होती है और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होती हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी बताया।

## रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**सुगौली**। रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में बुधवार को बीडीओ नूतन किरण के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर, एसआई शम्भू साह समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हुए। मार्च शहर के मुख्य बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व को भाईचारे, आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। साथ ही किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देने की सलाह दी गई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने यह भी कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में विश्वास कायम करना, सुरक्षा का एहसास दिलाना और त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान हर क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ चैती छठ समाप्त, घाटों पर उमड़ा जनसैलाब

**बगहा**।चार दिनों तक चले आस्था के महापर्व चैती छठ का समापन बुधवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हो गया। शहर के शास्त्री नगर, गोरिया पट्टी, रामधाम मंदिर बच्चा बाबू घाट और दीनदयाल नगर सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।सुबह होते ही छठ व्रती घाटों पर पहुंच गए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठी मईया के गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर परिवार की सुख-समृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य और शांति की कामना की।छठ व्रती तारामती देवी, प्रमिला गुप्ता, वाणी कुमारी और अर्चना कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूरे नियम और श्रद्धा के साथ व्रत का पालन किया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व उनके लिए आस्था और विश्वास का प्रतीक है।

# एसडीओ व एसडीपीओ ने की शांति समिति की बैठक, रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- **प्रशासन ने जारी की सख्त गाइडलाइन**
- **नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन और एसडीपीओ गुलशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान आगामी रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस महत्वपूर्ण विमर्श में रजौली, सिरदला और मेसकौर प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारियों, थाना प्रभारियों और पूजा समिति के लाइसेंसधारियों ने हिस्सा लिया, जहां अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने कड़े लहजे में निर्देश दिया कि रामनवमी के जुलूस में डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा और कोई भी जुलूस बिना वैध लाइसेंस के नहीं निकाला जाएगा।उन्होंने जोर देकर कहा कि लाइसेंस में वर्णित सभी शर्तों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य है और जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के घातक हथियार या अग्नियास्त्र का



एसडीओ व एसडीपीओ के द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

प्रदर्शन करने वालों पर सीधी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि हालांकि पारंपरिक लाठी खेल की अनुमति समय सीमा के भीतर दी जा सकती है, लेकिन बाइकर्स को जुलूस में शामिल होने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट के प्रति आगाह करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की साइबर टीम हर गतिविधि पर नजर रख रही है और शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।उधर, एसडीपीओ गुलशन कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका पेश करते हुए बताया कि रजौली अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रजौली में दो, सिरदला में एक और मेसकौर में एक जुलूस निकाला जाना तय है, जिनमें से प्रत्येक की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। एसडीपीओ ने पूजा समितियों को निर्देशित किया कि जुलूस के दौरान केवल भक्ति गीतों के लिए लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन भड़काऊ गाने, आपत्तिजनक नारे या विवादित बैनरों पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने स्थानीय युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत संबंधित थाने को दें ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके।

इस दौरान मेसकौर के बीडीओ अश्विनी कुमार, सिरदला के बीडीओ दीपेश कुमार, रजौली थानाध्यक्ष रणजीत कुमार सहित पूजा समितियों के प्रमुख सदस्य जैसे नवीन कुमार कंधवे, धनंजय कुमार उर्फ धन्नू और राजेश कुमार कुशवाहा सहित कई लोग भी उपस्थित रहे, जिन्हें प्रशासन ने आपसी समन्वय के साथ त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी।

## उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)**। चार दिवसीय चैती छठपर्व को लेकर ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंड़िया सूर्य मंदिर के अलावा अन्य छठघाट पर छठव्रती व श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्यदेव को अर्ध्यदान कर मन्नतें मांगी। इस दौरान बीडीओ सोनिया ढनढननिया,पंचायत सेवक रवि कुमार,थानाध्यक्ष आदित्य कुमार,एसआई अखिलेश कुमार, एएसआई संजय मिश्रा समेत अन्य पुलिस बल विधि व्यवस्था के संधारण में लगे रहे। महिला पुलिस कर्मी भी जगह जगह तैनात रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मी का दल भी मौजूद रहे। हंड़िया सूर्य मंदिर के अध्यक्ष रौशन कुमार,गौतम कुमार,उप मुखिया संतोष कुमारसमेत अन्य स्वयंसेवक दल छठपर्व में आये श्रद्धालुओं व छठव्रती के सेवा में भूमिका निभा रहे थे। अधिकारियों ने कहा यह छठपर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया।

## वन विभाग की लापरवाही से हुई दो मौतें,दूध दुहने गए युवक को हाथी ने कुचल कर मार डाला,भैंस भी मरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के सुअरलेटी गांव में बीते मंगलवार की देर रात्रि हाथी ने तांडव मचा दिया। इस दौरान भैंस का दूध दुहने जा रहे एक युवक की मौत हाथी के द्वारा कुचल देने से हो गई। मृतक की पहचान सुअरलेटी गांव निवासी बागड़ी भुइयां के 30 वर्षीय पुत्र सनोज भुइयां के रूप में हुई है। साथ ही भैंस को भी हाथी ने कुचल कर मार डाला। वहीं बीरू पंडित समेत अन्य लोगों के खेतों में लगे फसल और घरों में भी तोड़फोड़ मचाई गई है। इस घटना के बाद वन विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है एवं ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। एक तरफ मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है,तो आसपास के गांव के लोगों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण प्रशासनिक मदद के लिए तरस रहे हैं,उन्हें हाथी के तांडव से अपने जान-माल की सुरक्षा मिलनी चाहिए।

**वन विभाग पर लगा लापरवाही का आरोप** :- रजौली वन क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से हाथी के होने की सूचना होने के बावजूद वन विभाग द्वारा किसी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस कारण हाथी बेरोकटोक नगर पंचायत क्षेत्र समेत हरदिया,चितरकोली,रजौली पूर्वी,धमनी आदि क्षेत्रों में तांडव मचाते हुए कई घरों पर हमला कर दरवाजे तोड़ दिए एवं कई दुकानों को नुकसान भी पहुंचाया। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दिए जाने पर वनकर्मी संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए आम आदमी की तरह हाथी को भगाने में जुटे रहे। ग्रामीण संजय राजवंशी,बिगाड़ी भुइयां,कलवा देवी समेत अन्य दर्जनों लोगों का आरोप है कि कि वन विभाग द्वारा हाथी को भगाने के लिए विशेष प्रकार



घटनास्थल के समीप डरे सहमे परिजन व ग्रामीण

के संसाधन नहीं जुटाए गए। इस कारण सुअरलेटी के सनोज भुइयां की मौत भैंस का दूध दुहने के दौरान हाथी के हमला किए जाने से हो गई। सनोज भुइयां अपने पीछे पत्नी एवं चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब हाथी के हमले में एक युवक और एक भैंस की मौत हो गई,तब वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे।

**पानी की खोज में अक्सर पहुंचते है हाथी** :-: रजौली क्षेत्र में बीते तीन-चार वर्षों से लगातार हाथियों का झुंड गर्मी के दिनों में पानी की तलाश में आ रहे हैं। हाथियों के झुंड को वन विभाग द्वारा पहले कई दिनों तो सामान्य तरीके से भगाने का प्रयास किया जाता रहा है। वहीं जब हाथियों के झुंड नहीं भागते हैं,तो पश्चिम बंगाल से कुछ विशेषज्ञों को बुलाकर रजौली वन क्षेत्र से दूर किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के झुंड तो खेतों और मकानों को क्षति पहुंचाते थे,किंतु इस बार सिर्फ एक हाथी ने एक युवक और भैंस को बेहरमी से कुचल कर मार डाला है।

- **हाथियों द्वारा मचाए उत्पात के कारण दहशत में ग्रामीण,प्रशासनिक सहायता के लिए तरस रहे ग्रामीण**

**वन विभाग ने घटना के बाद दी सफाई** :-: डीएफओ नवादा श्रेष्ठ कुमार कृष्ण ने बताया कि रजौली क्षेत्र में हाथी के होने की सूचना विगत कुछ दिनों से थी। वन विभाग के लोग हाथियों पर लगातार नजर बनाए हुए थे। साथ ही कहा कि जंगली क्षेत्र में माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा था। उन्होंने सुअरलेटी में हुए एक युवक की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही बताया कि मृतक युवक के परिजनों एवं भैंस मालिक को सरकार द्वारा प्रदत मुआवजे की राशि दी जाएगी। साथ ही बताया कि जिनके फसल एवं घर व दुकान को नुकसान हुआ है,उनके द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर उनकी भी क्षतिपूर्ति दी जाएगी। साथ ही बताया कि हाथी को कोडरमा वन क्षेत्र की ओर खदेड़ दिया गया है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची एवं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेज दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## उदयगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्यःचार दिवसीय महापर्व का समापन, 36 घंटे का निर्जला उपवास का किया पारण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत समेत प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती महाछठ शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गया। छठ के पहले दिन रविवार को नहाय-खाय के साथ पर्व की शुरुआत हुई, दूसरे दिन सोमवार को लोहंडा (खरना) के अवसर पर छठव्रती पूरे विधि-विधान से प्रसाद तैयार करते नजर आए। घरों और घाटों पर साफ-सफाई के बीच गुड़-चावल की खीर और रोटी बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित करने की तैयारी की गई। इस दौरान छठव्रती



फोटो :- छठ व्रती को अर्घ्य देते श्रद्धालुगण

महिलाएं पारंपरिक छठ गीत गाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। पुजारी घनश्याम पाण्डेय ने बताया कि बुधवार को चैत्र शुक्ल सप्तमी, मृगशिरा नक्षत्र और आयुष्मान योग के सुयोग में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर चार दिवसीय महापर्व का समापन हुआ। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने एक-दूसरे को मंगल टीका लगाकर प्रसाद वितरित किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने शर्बत, चाय और दूध पीकर अपने 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। पारण के बाद छठ व्रती नजदीकी मंदिर में पूजा अर्चना करते भी नजर आई।

वहीं पुजारी दिनेश पांडेय ने बताया कि सूर्य षष्ठी अर्थात छठ का व्रत आरोग्यता, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के मुताबिक राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। स्कन्द पुराण तथा वर्षकृतम में भी इस प्रतिहार षष्ठी की वर्णन है। इस दौरान छठ घाटों पर सुरक्षा हेतु पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती रही।

## छठ घाट पर स्थापित भगवान सूर्य की भव्य प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के प्रसिद्ध सोखोदेवरा सूर्य मंदिर स्थित छठ घाट तालाब आस्था और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। छठ पूजा के पावन अवसर पर तालाब के बीचों-बीच स्थापित भगवान सूर्य की आकर्षक प्रतिमा इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई नजर आई। प्रतिमा की सुंदरता और मंदिर की सजावट को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के अलावे आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे।

जहां लोग भगवान भास्कर की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की कामना किया। वहीं छठ गीतों और 'जय छठी मैया' के



जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार की सजावट और विशेष रूप से सूर्य देव की प्रतिमा ने पर्व के उत्साह को दोगुना कर दिया है। घाट पर सुरक्षा और प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के सदस्य भी मुस्तैद दिखे,ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# रामनवमी पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। रामनवमी त्योहार 2026 को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने हेतु आज जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि-व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर समय से उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित करें।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र (तलवार आदि) के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी तथा मोटरसाइकिल के





प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। बाइकरों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया गया है कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जीवनरक्षक दवाओं के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान चौक-चौराहों पर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराबियों की सघन जांच की जाएगी। शोभा यात्रा में शराब के प्रभाव में पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त पुलिस वाइकर्स टीमों द्वारा निरंतर गश्ती की जाएगी तथा शरारती तत्वों की पहचान हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया है।जिलाधिकारी ने नगर परिषद/नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शोभा यात्रा में लगाए गए झंडे एवं पताकाएं जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के अंदर हटाना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के कोई भी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

रामनवमी त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थानावार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/सशस्त्र लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जुलूस के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक शोभायात्रा के लिए निर्धारित रूट का भौतिक सत्यापन कर अनुज्ञप्ति निर्गत करना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक जुलूस की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाए।

इस अवसर पर समाहरणालय, नवादा में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभारी पदाधिकारी उप विकास आयुक्त श्रीमती निलिमा साहू तथा प्रभारी पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) श्रीमती निरूपमा शंकर एवं जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रियरंजन रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

आज की बैठक में अपर समाहर्ता, नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर/हिसुआ/पकरीबरावां/रजौली, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां तेज, देशभर से आएंगी झांकियां, 5 लाख श्रद्धालु के जुटने की उम्मीद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी शहर में इस साल रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को टावर चौक स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में श्री राम नवमी पूजा केंद्रीय समिति की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष राजू बरनवाल ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस साल की शोभायात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से कलाकारों और विशेष झांकियों को आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि शोभायात्रा में केरल से पारंपरिक मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू के योद्धा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र से लगभग 100 ढोल वादकों की टीम पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बनाएगी, जबकि मध्यप्रदेश के उज्जैन से 70 डमरू वादकों की झांकी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी।






**70 अघोरियों की टोली आएगी:** वाराणसी और उज्जैन से आए 60 से 70 अघोरियों की टोली और असम के कामाख्या से 25 महिला अघोरियों की उपस्थिति इस शोभायात्रा को आध्यात्मिक रूप से और भी विशेष बनाएगी। दक्षिण भारत की झलक भी इस बार शोभायात्रा में देखने को मिलेगी, जहां तमिलनाडु और कोची से कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुति देंगे। वहीं मथुरा से राधा-कृष्ण की झांकी श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर करेगी। गाजीपुर से आने वाला प्रसिद्ध घोड़ा "अशोक" अपने नृत्य प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लेगा, जबकि मेरठ से स्वर्ण रथ शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ाएगा। स्थानीय स्तर पर भी कई आकर्षक झांकियां तैयार की जा रही हैं। फुरग स्थान संगत से 15 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा, शिवपुरी कॉलोनी से 11 फीट की आदियोगी प्रतिमा, तथा विभिन्न स्थानों से 51 फीट और 20 फीट की हनुमान की गदा विशेष आकर्षण होंगी। इसके साथ ही 31 फीट का त्रिशूल और 11 फीट का डमरू भी शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा। बजरंगी सेना की ओर से बनारस, आसनसोल, दिल्ली और बंगाल से कलाकार बुलाए गए हैं, जो विभिन्न धार्मिक और ऐतिहासिक थीम पर आधारित झांकियां प्रस्तुत करेंगे। इनमें राम-सीता-लक्ष्मण के वनवास, काली माता, हनुमान जी, शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही संभाजी महाराज, शिवाजी महाराज और पेशवा बाजीराव की झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इस साल महिलाओं की भागीदारी भी खास रहने वाली है।

**से 60 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना:** लगभग 50 से 60 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है, जबकि 7 महिला शोभायात्राएं विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी। परशुराम गुरुकुल की ओर से महिलाओं का अखाड़ा भी प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के अनुसार, इस वर्ष रामनवमी पर पूरे गया शहर में लगभग 5 लाख श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगी, बल्कि देश की सांस्कृतिक विविधता का भी भव्य प्रदर्शन करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अनंत सिंह ने मुख्यमंत्री के चेहरे पर तोड़ी चुप्पी:बिहारशरीफ में बोले- नीतीश के बाद निशांत ही सबसे योग्य 'सीएम मटेरियल'

**नालंदा।** मोकामा के विधायक और कद्दावर नेता अनंत सिंह आज बिहार शरीफ पहुंचे। जहां उनके समर्थकों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। अनंत सिंह ने यहां मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि नीतीश के बाद निशांत ही सीएम फेस है। दरअसल, अनंत सिंह नवादा की विधायक विभा देवी और पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव के बेटे अखिलेश यादव की सड़क हादसे में हुई असामयिक मृत्यु के बाद शोकाकुल परिवार से मिलने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में वे बिहार शरीफ स्थित पूर्व विधायक के आवास पर रुके, जहां उन्होंने राजनीति और व्यक्तिगत निष्ठा से जुड़े कई अहम सवालों पर बेबाक टिप्पणी की।



मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे बिहार के अगले मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का समर्थन किया। अनंत सिंह ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा है कि नीतीश के बाद निशांत ही मुख्यमंत्री बनें। अनंत सिंह ने निशांत की योग्यता पर जोर देते हुए कहा कि वह उच्च शिक्षित हैं और उनमें नेतृत्व की बेहतरीन खूबियां हैं। उन्होंने तर्क दिया कि कम से कम अपने पिता के कुछ गुण तो उनमें होंगे ही। मुख्यमंत्री की सादगी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इतने साल तक सत्ता में रहने के बावजूद नीतीश के हाथ में एक अंगूठी तक नहीं है, और यही ईमानदारी व सादगी वाली क्वालिटी निशांत में भी दिखती है।

अपनी राजनीतिक भविष्य की योजना स्पष्ट करते हुए अनंत सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि यदि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं रहते हैं, तो वे स्वयं भी विधायक का चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, उन्होंने अपने बेटों के राजनीति में प्रवेश के द्वार खुले रखते हुए कहा कि यदि वे जनता की सेवा करना चाहेंगे, तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे। नीतीश कुमार की दिल्ली की राजनीति में बढ़ती सक्रियता और उनके प्रभाव कम होने की अटकलों को खारिज करते हुए विधायक ने कहा कि दिल्ली कोई दूर नहीं है और कुर्सी छोड़ने से कद छोटा नहीं होता। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता आज भी नीतीश जी के साथ है और उनके मार्गदर्शन में बिहार का विकास और भी तेजी से होगा। पहली बार बिहार शरीफ आगमन पर शहर में हुए बदलावों के सवाल पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि वे इससे पहले कभी यहां नहीं आए थे, लेकिन पूरे बिहार की तरह यहां भी विकास की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस दौरान पूर्व विधायक के आवास पर समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ा रहा।

### नालंदा यूनिवर्सिटी की तर्ज पर पुनर्जीवित होगा 'तेल्हाड़ा महाविहार':सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में उठाई मांग, बोले- खोई वैश्विक पहचान वापस दिलाना उद्देश्य है




**नालंदा।** नालंदा की ऐतिहासिक शैक्षणिक पहचान को विश्व पटल पर फिर से स्थापित करने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए नालन्दा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय की स्थापना का मामला उठाया है। नियम-377 के तहत सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए सांसद ने केंद्र सरकार से माँग की कि नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम-2010 की तर्ज पर ही 'तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय' के पुनरुत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सदन को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 दिसंबर, 2009 को तेल्हाड़ा स्थल पर भूमि पूजन कर 'तिलाधक' (तेल्हाड़ा) विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इसी दूरगामी विजन को आगे बढ़ाते हुए प्राचीन महाविहार के गौरव को लौटाना आवश्यक है, ताकि नालंदा की खोई हुई वैश्विक पहचान वापस मिल सके। सांसद ने सरकार को सुझाव दिया कि इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए संस्कृति, शिक्षा, विदेश और पर्यटन मंत्रालय को मिलकर एक 'समन्वय समिति' बनानी चाहिए। यह समिति स्थानीय समुदाय, पुरातत्व विशेषज्ञों, बौद्ध संगठनों और राज्य सरकार के साथ बैठकर एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करे, जिससे इस प्राचीन धरोहर का वैज्ञानिक और शैक्षणिक विकास सुनिश्चित हो सके।

**ऐतिहासिक साक्ष्यों का दिया हवाला:** तेल्हाड़ा के महत्व को रेखांकित करते हुए सांसद ने बताया कि हाल की खुदाई से प्रमाणित हुआ है कि 1वीं से 12वीं शताब्दी तक यह एक विशाल बौद्ध मठ और शिक्षा का प्रमुख केंद्र (महाविहार) था। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी 7वीं शताब्दी में अपनी यात्रा के दौरान इस स्थल का विशेष उल्लेख किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि तेल्हाड़ा प्राचीन समय में बौद्ध अध्ययन का एक प्रमुख केंद्र रहा है, अतः इसे आधुनिक विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करना समय की माँग है।

### गयाजी में लाउडस्पीकर को लेकर मारपीट-पत्थरबाजी, गांव में चल रहा था 24 घंटे का अखंड कीर्तन



**गयाजी।** गयाजी में मंगलवार देर शाम करीब 8 बजे 2 समुदाय के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट हो गई। दोनों तरफ से पत्थरबाजी भी हुई। जिसमें 7 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। दरअसल, गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन चल रहा था। कीर्तन में लाउडस्पीकर भी लगा था। दूसरे पक्ष ने लाउडस्पीकर की दिशा बदलने के लिए कहा, ताकि तेज आवाज से परेशानी न हो। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। लोग खुद को बचाने के लिए घर में छिप गए। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है, पुलिस सुरक्षा को देखते हुए कैंप कर रही है। घटना नक्सली प्रभावित बाराचट्टी थाना क्षेत्र के डोभी प्रखंड नीमा पंचायत की है।

**ये लोग हुए घायल:** घायलों की पहचान सुमित कुमार (14), जीतन माझी (30), शिवनंदन यादव (65), मुनाजिर हुसैन (32), रीना देवी (35), मिनहाज अंसारी (24) और अरविंद चौधरी (30) के रूप में हुई है। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचट्टी में कराया गया। अरविंद चौधरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया है।

**गांव में स्थिति पर पुलिस नजर रख रही:** थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने रात करीब 8 बजे बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घटनास्थल से 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। गांव में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वरीय पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच रहे हैं। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। अभी स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

# 'अच्छा अफसर वही जो जनता के बीच दिखे'



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने गयाजी स्थित बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (बिपार्ड) में युवा अधिकारियों को प्रशासन की असली परिभाषा समझाई। उन्होंने कहा है कि कुर्सी पर बैठकर शासन नहीं चलता है। जमीन पर उतरना जरूरी है। अपने संबोधन में किरण बेदी ने अफसरों को रोज फील्ड में जाने की सलाह दी।

**सीधे लोगों से करें मुलाकात:** किरण बेदी ने कहा कि जब तक आप सीधे लोगों से नहीं मिलेंगे, उनकी परेशानी नहीं समझेंगे, तब तक समाधान अधूरा रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि फाइलों के आंकड़े और रिपोर्ट हकीकत का पूरा सच नहीं बताते। असली तस्वीर गांव, मोहल्ले और गलियों में दिखती है। उन्होंने अफसरों को प्रोएक्टिव बनने का मंत्र दिया। कहा है कि इंतजार करने वाला प्रशासन नहीं, पहल करने वाला प्रशासन ही असरदार होता है। अगर अधिकारी खुद पहल करेंगे, लोगों के बीच जाएंगे, तो समस्याएं खुद सामने आएंगी और समाधान भी तेजी से निकलेगा।

किरण बेदी ने कहा कि जनसंपर्क प्रशासन की रीढ़ है। जनता से दूरी बढ़ेगी तो भरोसा टूटेगा। भरोसा टूटा तो व्यवस्था कमजोर होगी। इसलिए हर अधिकारी को अपने क्षेत्र में नियमित संवाद बनाना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि छोटे-छोटे दौरे, आकस्मिक निरीक्षण और खुली बातचीत से बड़ी समस्याओं को भी आसानी से सुलझाया जा सकता है।

**अधिकारियों के बीच एक छोटा सर्वे भी कराया:** कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों के बीच एक छोटा सर्वे भी कराया। इसमें प्रशासनिक कार्यशैली, फील्ड विजिट और जनसंपर्क से जुड़े सवाल पूछे गए। उन्होंने बताया कि इन जवाबों के आधार पर वह एक विस्तृत लेख तैयार करेंगी, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम में मौजूद युवा अधिकारियों ने उनके अनुभवों को बेहद उपयोगी बताया। कई अधिकारियों ने कहा कि वे अब नियमित फील्ड विजिट करेंगे और जनता से सीधे जुड़ने की कोशिश करेंगे। कुल मिलाकर, गया के बिपार्ड में किरण बेदी के संदेश में कुल मिलाकर यह स्पष्ट झलका कि अच्छा अफसर वही है जो जनता के बीच दिखे। जो सुने भी और समाधान भी दे। यही असली प्रशासन है।

## नालंदा में 'सिंघा बाजा' और ढोलक की थाप पर शोभायात्रा

# रामनवमी पर 4500 सुरक्षाकर्मियों के हवाले रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन कैमरों से भी होगी निगरानी






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में आगामी 27 मार्च को श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में एक बार फिर भक्ति और भव्यता का संगम देखने को मिलेगा। स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार के नेतृत्व में निकलने वाली यह शोभा यात्रा इस वर्ष अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने के संकल्प के साथ निकाली जा रही है। आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और समिति ने इस बार आधुनिक चकाचौंध के बीच लुप्त होती जा रही पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत करने का विशेष निर्णय लिया है।

**झारखंड के कलाकार बनाएंगे माहौल:** यात्रा का मुख्य आकर्षण झारखंड से आने वाले कलाकारों का दल होगा, जो दुर्लभ 'सिंघा बाजा' की गूंज से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों की पारंपरिक शैली में ढोलक और झाल की थाप पर पुरुष और महिला मंडलियां भजन कीर्तन करते हुए चलेंगी। जुलूस की भव्यता को बढ़ाने के लिए हाथी और घोड़ों का लश्कर भी शामिल रहेगा, जो प्राचीन वैभव की याद दिलाएगा।

**4500 सुरक्षा कर्मियों के घेरे में जिला:** प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए तकनीक और अतिरिक्त बल दोनों का सहारा लिया जा रहा है। इस बार ड्रोन कैमरों से पूरी यात्रा की निगरानी की जाएगी और पहली बार घुड़सवार पुलिस (माउंटेड फोर्स) को भी तैनात किया जा रहा है। एसपी के अनुसार, लगभग 1200 अतिरिक्त जवान बाहर से मंगवाए गए हैं, जबकि जिले के 3500 पुलिस बल के साथ पैरामिलिट्री की एक कंपनी को भी तैनात किया गया है। कुल मिलाकर करीब 4500 सुरक्षाकर्मियों का घेरा पूरे शहर और जिले में मुस्तैद रहेगा।अब तक बिहार शरीफ से एक मुख्य लाइसेंस समेत पूरे जिले में 29 लाइसेंस निर्गत किए जा चुके हैं, जिनकी संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

**नए रूट से जाएगी शोभा यात्रा:** मार्च 2023 में रामनवमी के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी के कड़वे अनुभवों के बाद प्रशासन और आयोजकों ने सबक लेते हुए कई बदलाव किए हैं। 2023 के दंगों के कारण 2024 में जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिल सकी थी, लेकिन 2025 में विधायक डॉ. सुनील कुमार की पहल पर इसे पुनः शुरू किया गया। सुरक्षा कारणों से इस बार भी जुलूस के पुराने मार्ग में बदलाव बरकरार रखा गया है। पूर्व में शोभा यात्राएं अस्पताल चौक से भरावपर और गगन दीवान होते हुए सोगरा कॉलेज मोड़, नदी मोड़ होते हुए अखाड़ा पर की तरफ जाती थीं, लेकिन अब यह यात्रा श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से शुरू होगी। यहां से यह भराव चौराहा, महिला कॉलेज, आलमगंज, पुल पर, नवाब रोड और सालेगंज मोड़ से होते हुए टाउन स्कूल मोड़ पहुंचेगी और अंततः बाबा मनीराम अखाड़ा परिसर में संपन्न होगी।

**5 हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति:** यद्यपि समिति को प्रशासन से 5,000 लोगों की भागीदारी की अनुमति मिली है, किंतु पिछली यादों को पीछे छोड़ते हुए इस बार भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नक्सलियों की गोलियों से गूंजता था जंगल अब भक्ति के सुरों से गूंजा डुमरिया

## लाल सलाम की धरती पर पहली बार सुंदरकांड पाठ, मासूम आयुष के तबले ने जीता दिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड अंतर्गत मैगरा बाजार स्थित न्यू सेंट जेवियर स्कूल परिसर में मंगलवार की देर रात एक नई सुबह की आहट महसूस हुई—जहां डर और दहशत की पहचान थी, वहीं अब आस्था और शांति का दीप प्रज्वलित होता नजर आया। जिस धरती पर कभी नक्सलियों के "लाल सलाम", गोलियों की तड़तड़ाहट और बम धमाकों की आवाज गूंजती थी, वहीं अब भक्ति, श्रद्धा और सुंदरकांड के पावन स्वर सुनाई दिए। छठ पर्व के समापन एवं रामनवमी के पावन अवसर पर पहली बार इस इलाके में एक दिवसीय भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान रहा, बल्कि नक्सलवाद की अंधेरी छाया से निकलकर शांति, विश्वास और आध्यात्म की ओर बढ़ते समाज की जीवंत तस्वीर बनकर उभरा। कार्यक्रम की शुरुआत पंचमुखी हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद औरंगाबाद से पधारे मुख्य पुजारी एवं प्रसिद्ध सुंदरकांड पाठक रवि आलोक मिश्र ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। उनके मधुर स्वर और भक्ति से ओत-प्रोत वाचन ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करते रहे। इस आयोजन का नेतृत्व न्यू सेंट जेवियर स्कूल के निर्देशक दीपक कुमार पाठक ने किया।




सुंदरकांड पाठ में शामिल मुख्य पुजारी व श्रद्धालु भक्ति में लीन



सुंदरकांड पाठ में डुमरिया के रहने वाले मासूम आयुष तबले बजाता

उन्होंने कहा कि सुंदरकांड का पाठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि डुमरिया जैसे क्षेत्र में अब भय नहीं, बल्कि भक्ति, शिक्षा और संस्कार की पहचान बने। आने वाले समय में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मालूम हो कि इतिहास की एक झलक भी यहां जीवित है। इसी मैगरा गांव की धरती कभी साहित्य और कविता की गूंज से भी परिचित रही है। यहां के ही प्रख्यात विद्वान एवं कवि जानकी बल्लभ शास्त्री की स्मृतियां इस क्षेत्र को सांस्कृतिक पहचान देती हैं। जिस भूमि पर कभी कविता की धुन गूंजती थी, आज वहीं भक्ति के सुरों ने उसे फिर से जीवंत कर दिया है। कार्यक्रम की सबसे खास झलक रहा नन्हा बालक आयुष कुमार पांडेय जिसने अपने तबले की मधुर थाप से पूरे आयोजन में जान डाल दी। उसकी लय और समर्पण ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोगों ने कहा कि यह नई पीढ़ी कला के साथ-साथ अपनी संस्कृति से भी गहराई से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित हुए। पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर हो गया और हर ओर "जय श्रीराम" एवं "हनुमान जी की जय" के उद्घोष गूंजते रहे। पाठ के समापन पर भव्य आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही आयोजित भंडारे में साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार पाठक, सह संचालक मुन्ना पाठक, स्मृति पाठक, धनंजय कुमार, उदय कुमार गुप्ता, महेंद्र गिरी, निरंजन गिरी, पिंकू लाल उर्फ शाखौरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गयाजी में युवक की संदिग्ध मौत का मामला

# पत्नी-ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में आज एसएसपी सुशील कुमार को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। सौहेल थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरी पोस्ट कोठी निवासी राहत अली खां (पिता स्वर्गीय हसीबुल्लाह खां) की तबीयत 15 फरवरी 2026 की रात करीब 8:30 बजे बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि उनकी पत्नी आरजू तमन्ना ने उन्हें जहर दिया था।

राहत अली खां को पहले अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया। पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखे गए राहत अली खां की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का दावा है कि मौत से पहले राहत अली खां ने बयान दिया था कि उसकी पत्नी ने ही उसे जहर दिया है। परिजनों के अनुसार, इस कथित बयान का एक वीडियो भी मौजूद है, जिसे वे जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य मान रहे हैं।



**पिता बोले- जान से मारने की मिली थी धमकी:** मृतक के पिता सादिकउल्लाह खां ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू और उसके परिवार के लोग पहले से ही उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने आशंका जताई है कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश का परिणाम हो सकती है।

परिजनों ने यह भी दावा किया है कि महिला का किसी अन्य युवक से संबंध था, जिसके चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में संबंधित थाना में कांड संख्या 08/2026 दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की जांच की जा रही है। पुलिस की ओर से कॉल डिटेल्स (सीडीआर), पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है।

मृतक के परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से उच्चस्तरीय जांच, सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले में स्पीडी ट्रायल चलाने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा, चार लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**बिक्रमगंज / रोहतास**। विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष जांच अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में प्रखंड बिक्रमगंज में कनीय विद्युत अभियंता एवं तकनीकी टीम द्वारा सघन छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करने की पुष्टि हुई। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया की कार्रवाई के तहत सिलौटा निवासी बिन्दा देवी पति-कमलेश कुमार सिंह पर 19956, कुमकुम देवी पति-राजीव नयन ओझा पर 20790 एवं राम दुलार सिंह पिता-विदेशी सिंह पर 31301 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया। वहीं, बिना वैध कनेक्शन के बिजली उपयोग करने के मामले में उदय डिहरी के केशो पासवान पिता-घमंडी राम पर 17930 का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान कुल 4 लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे बिजली का उपयोग केवल वैध कनेक्शन के माध्यम से ही करें एवं समय पर बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज मे चालू माह मे 71 लोगों पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है व बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि सभी को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## मृतक के आश्रितों को दिया गया चेक

**केसरिया, पू.च**। प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न हादसों में जान गंवाने वाले तीन लोगों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। बीडीओ सह प्रभारी सीओ कुमुद कुमार ने तीन पीड़ित परिवारों को चेक सौंपा।जानकारी के अनुसार सितंबर 2025 में सरोतर निवासी राकेश कुमार के पुत्र आदित्य कुमार तथा पुरैना निवासी वशिष्ठ साह के पुत्र आदित्य कुमार की मृत्यु हो गई थी। वहीं, मई 2025 में मझरिया निवासी राजेश राम की पुत्री प्रतिमा कुमारी की डूबने से मौत हो गई थी। इन घटनाओं के बाद प्रशासन द्वारा प्रक्रिया पूरी कर संबंधित परिजनों को सहायता राशि दी गई। मौके पर आरओ विजय कुमार, अंचल के प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार, अंचल नाजीर प्रकाश कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मॉडल पंचायतों के अध्ययन के लिए केसरिया प्रखण्ड से चार मुखिया विजिट पर रवाना

**केसरिया, पू.च**। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र की चार पंचायतों के मुखिया को मॉडल पंचायतों के अध्ययन के लिए एक्सपोजर विजिट पर भेजा जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पंचायतों में बेहतर विकास कार्यों को समझना और उन्हें स्थानीय स्तर पर लागू करना है। बीपीआरओ खुशबू कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ताजपुर पटखौलिया पंचायत के मुखिया भोला कुमार एवं गोंछी कुशहर पंचायत के मुखिया मो. मोहिबुल्लाह 26 मार्च को गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड स्थित कपिलो आदर्श पंचायत के लिए रवाना होंगे। वहां वे पंचायत स्तर पर हुए विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे। इसके अलावा मठिया एवं पश्चिमी सुन्दरापुर पंचायत के मुखिया भी उतर प्रदेश की चिन्हित मॉडल पंचायतों का दौरा करेंगे। इस भ्रमण के दौरान वे स्वच्छता, जल प्रबंधन, डिजिटल व्यवस्था एवं जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देंगे। बताया गया कि इस तरह के अध्ययन दौरे से पंचायतों के विकास को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर बेहतर योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

## साजिश के तहत फंसाया गया, वीडियो फुटेज सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग

**मोतिहारी**। पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के दुबरबाना गांव में दर्ज मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस केस में नामजद बिगु कुमार ने मीडिया के सामने आकर अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया है। पत्रकारों से बातचीत में बिगु कुमार ने कहा कि गांव के कुछ लोगों के साथ उनका पहले से विवाद चल रहा था, और उसी रंजिश के कारण उन्हें एक सोची-समझी साजिश के तहत इस गंभीर मामले में फंसाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष ने झूठा आवेदन देकर पकड़ीदयाल थाने में उनके खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।बिगु कुमार ने अपनी सफाई में कहा कि जिस दिन घटना होने की बात कही जा रही है, उस दिन वह गांव में आयोजित एक बारात में शामिल होने गए थे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब वह मौके पर मौजूद ही नहीं थे, तो घटना को अंजाम देने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने दावा किया कि उनके पास उस दिन का वीडियो फुटेज और अन्य प्रमाण मौजूद हैं, जो उनकी बेगुनाही साबित कर सकते हैं। इधर, पूरे मामले को लेकर बिगु कुमार की पत्नी ने भी पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात से मुलाकात की है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। पत्नी का कहना है कि उनके पति को जानबूझकर फंसाया जा रहा है और सच्चाई सामने लाने के लिए उन्होंने सभी साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए हैं। बताया जा रहा है कि बिगु कुमार की ओर से घटना वाले दिन का वीडियो फुटेज, बारात में उनकी मौजूदगी से जुड़े सबूत तथा अन्य दस्तावेज पुलिस अधीक्षक और डीआईजी चंपारण प्रक्षेत्र को उपलब्ध कराए गए हैं। अब पुलिस इन साक्ष्यों की जांच कर रही है।

## जनगणना को लेकर नजरी नक्शा तैयार करने का निर्देश

**केसरिया, पू.च**। राजस्व ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर एचएलबी निर्धारण और नजरी नक्शा तैयार करने के कार्य को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में संबंधित कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कुमुद कुमार ने की। बैठक में उपस्थित कर्मियों को नजरी नक्शा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। बीडीओ ने बताया कि यह कार्य प्रशासनिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बीडीओ कुमुद कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी कर्मी बीएलओ के सहयोग से कार्य को तेजी से पूरा करें और हर हाल में 31 मार्च तक नजरी नक्शा तैयार कर जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**केसरिया, पू.च**। प्रखंड क्षेत्र के कढान स्थित बाबा भंगी दास महाराज के मठ परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ का समापन 30 मार्च को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। धार्मिक माहौल में पूरे क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि इस वर्ष महायज्ञ का यह सातवां आयोजन है, जिसमें आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आचार्य अमरेश पांडेय सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा कराई जा रही है। यज्ञ में काशीनाथ यादव, लक्ष्मण यादव, रामकिशोर शर्मा, उपेंद्र यादव और सोनू यादव यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में मुखिया मनोज यादव, प्रमोद कुमार यादव समेत ग्रामीण सक्रिय योगदान दे रहे हैं।आयोजन स्थल पर सुबह और शाम श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं वृंदावन से आए रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा संध्या समय रासलीला का मंचन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा यज्ञ स्थल पर स्थापित 51 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बनी हुई है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत एक घायल

- तेज रफ्तार की कहर,थार गाड़ी की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक की मौत एक घायल
- 50 मीटर तक थार गाड़ी बाइक सहित बाइक सवार को घसीटते रहा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)**। रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुडिया गांव के गेट के समीप मुख्य सड़क पर थार की चपटे में आने से दो बाइक सवार की मौत हो गई वही अन्य एक घायल हो गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह 8 बजे की है डेहरी की ओर से तेज रफ्तार से थार गाड़ी जिसका नंबर (BR24AL8956) है आ रही थी वही मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस जिसकी गाड़ी नंबर BR24AM9628 है पर सवार तीन युवक भड़कुड़िया( छोटकी) से डेहरी की ओर जा रहे थे। इसी बीच भड़कुडीया गेट के समीप मुख्य सड़क पर डेहरी की ओर से आ रही थार गाड़ी के चपेट में तीनों बाइक सवार आ गए। इस घटना में बाइक सवार विकास कुमार पिता स्वर्गीय सत्यनारायण कुशवाहा की मौके पर पर ही मौत हो गई वही रुस्तम अंसारी पिता मिराज अंसारी की मौत इलाज के दौरान हुई और नागा पासवान पिता अवधेश पासवान घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। तीनो भड़कुडिया गांव के रहने वाले है।

घटना की सूचना मिलते ही दरिहट थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भी वहीं भिजवाया। दुर्घटना के बाद थार गाड़ी का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दरिहट थाना अध्यक्ष रविरंजन प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस ने थार गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भव्य भंडारा का आयोजन किया गया मानी पंचायत के केषोडीह ग्राम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। आज दिनांक 25 मार्च 2026 दिन बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन मानी पंचायत के केषोडीह ग्राम में किया गया। यह आयोजन श्री काली मंदिर समिति केषोडीह के तत्वाधान में मां भगवती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के 25 वां वर्षगांठ के निमित्त बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

यह कार्यक्रम चार दिन से आचार्य बाल व्यास श्री अयोध्या जी के मार्गदर्शन में चला। आचार्य रमेश मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के विशेषता को भी कथा के माध्यम से उजागर किया। हम सब को भी ऋषि मुनियों की भांति जीवन जीना चाहिए। इससे अध्यात्म एवं राष्ट्रीयता को बल मिलता है।

भंडारा के साथ ही कथा की पूर्णाहुति हो गई। समिति के अध्यक्ष शोभनाथ प्रसाद एवं सचिव सोनू सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों का धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। भंडारे में बड़ी संख्या में माता बहिनी सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य, जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ,शिव शिष्य अंजनी गुप्ता श्रद्धालु भक्त एवं कार्यकर्ता मनोज कुमार प्रदुमन कुमार ,राहुल कुमार ,रोहित प्रसाद ,मदन गुप्ता, गुप्ता नीतीश ,अमन इत्यादि की सहभागिता रही। कार्यक्रम का विधिवत समापन रात्रि में माता रानी के जागरण भजन के साथ संपन्न होगा।

## +2 उच्च विद्यालय, कुरूर का इंटर परीक्षा परिणाम काराकाट प्रखंड में सबसे बेहतर




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी +2 उच्च विद्यालय, कुरूर का इंटर परीक्षा परिणाम काराकाट प्रखंड में सबसे बेहतर रहा है।

जिसमें विज्ञान संकाय में अमन राज 429, निशा राज 408, राबिया परवीन - 402 एवं कला संकाय में अनु कुमारी - 393, पिंकी कुमारी 377, मुनी कुमारी -376 अंक लाकर विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रौशन किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकगण कृष्णा कुमार, अनूप कुमार, आशुतोष कुमार, संतोष कुमार, राज कुमार, शशी कुमार, प्रियंका कुमारी, दुर्गावती कुमारी, घनश्याम कुमार, मनोरंजन कुमार, शिवेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार आदि शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शिवपुर में किया गया बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत शिवपुर के मुखिया श्वेता सिंह सह जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शिवपुर में बैठक किया गया। जिसमें जन आरोग्य समिति के सचिव उपसचिव और सभी सदस्यगण के साथ बैठक किया गया। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि जन आरोग्य समिति का उद्देश्य है कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर संस्थागत तंत्र के रूप में संस्थान के आधारभूत संरचना सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार सेवा प्रदाताओं में जवाब दे ही सुनिश्चित करने तथा संस्थान एवं संबंधित कार्य क्षेत्र की संख्या के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कार्यक्रम अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण विस्तृत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं की उपलब्धता एवं समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है श्री कुमार ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 12 प्रकार की सुविधा दी जा रही है और 14 प्रकार की जांच की सुविधा दी जा रही है जिसमें 147 प्रकार की दवा की उपलब्धता की व्यवस्था है पंचायत शिवपुर के मुखिया श्वेता सिंह सह जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष ने कहा कि सभी महिलाओं को चिन्हित करने बेहतर इलाज किया जाता की महिलाएं स्वस्थ रहे जब महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो पूरा परिवार बच्चे स्वस्थ रहेंगा श्वेता सिंह ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर शिवपुरी को चाहर दिवारी को लेकर भी चर्चा की गई उन्होंने कहा कि चहदिवारी को कटेले तार से भी घेराव किया जाएगा। मौके पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खुशबू कुमारी ,गीता कुमारी ए एन एम,शशि कला कुमारी ,एएनएम कविता कुमारी ,आशा फैसिलिटेटर माध्यमिक उच्च विद्यालय के प्राचार्य नीलम कुमारी, शिव बच्चन पंडित, शिक्षक ज्योति कुमारी सेविका और सभी क्षेत्र अंतर्गतआशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा का हुआ भव्य समापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**रक्सौल**। रक्सौल के सूर्य मंदिर छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा का समापन बुधवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।अहले सुबह से ही छठव्रती महिलाएं एवं पुरुष घाट पर एकत्रित होकर पारंपरिक विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य की उपासना में लीन रहे। जैसे ही सूर्य की पहली किरणें जल में प्रतिबिंबित हुईं, व्रतियों ने जल में खड़े होकर अर्घ्य अर्पित किया तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलकामना की प्रार्थना की।घाट पर "छठी मइया" के जयकारों एवं भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच व्यवस्था बनाए रखने में सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही।इस अवसर पर समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि सूर्य मंदिर समिति द्वारा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही रक्सौल थाना की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।उन्होंने यह भी बताया कि चार दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व का समापन भक्तों के चेहरे पर आस्था, संतोष एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुआ।मौके पर शम्भु प्रसाद चौरसिया, गणेश अग्रवाल, रजनीश प्रियदर्शी, सुरेश कुमार, राजू गुप्ता, पप्पू गोस्वामी एवं अनिल कुमार समेत समिति के कई सदस्य व्यवस्था में सक्रिय सहयोग करते देखे गए।

## भगवान श्रीराम की स्मृति को समर्पित है रामनवमी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मोतिहारी**। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व श्रीरामनवमी 27 मार्च शुक्रवार को सर्वत्र अपनी-अपनी परम्परा के अनुसार मनाया जाएगा। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसी दिन से श्रीरामचरितमानस की रचना आरंभ की थी। अतः इसके उपलक्ष्य में श्रीरामचरितमानस की जयंती भी मनायी जाएगी। भारतीय जीवन में यह दिन अत्यंत पुण्यफलदायक माना जाता है।उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में चैत्र शुक्लपक्ष नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में जब सूर्य अन्यान्य पाँच ग्रहों की शुभ दृष्टि के साथ मेष राशि पर विराजमान थे,तभी साक्षात् भगवान विष्णु ने राम के रूप में अयोध्या के राजा दशरथ तथा माता कौशल्या के यहाँ पुत्र के रूप में अवतार लिया। चैत्र शुक्ल नवमी को राम के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। इसी कारण चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी कहा जाता है। रामनवमी भगवान श्रीराम की स्मृति को समर्पित है।राम सदाचार के प्रतीक हैं और इन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। राम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है,जो पृथ्वी पर अजेय रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने मृत्युलोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था।प्राचार्य पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम की गुरु सेवा,जाति-पाति के भेदभाव को मिटाना,शरणागत की रक्षा,भ्रातृ प्रेम,मातृ-पितृ भक्ति,पत्नी व्रत,पवनसुत हनुमान एवं अंगद की स्वामी भक्ति,गिद्धराज जटायु की कर्तव्यनिष्ठा आदि की महानता को सम्पूर्ण मानव जाति को अपनाना चाहिए। रामनवमी का व्रत एवं पूजन शुद्ध और सात्विक रूप से भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन व्रत का पालन कर श्रीराम जी का पूजन,भजन,कीर्तन व श्रीरामचरितमानस पाठ आदि करने का विधान है। रामनवमी का व्रत समस्त पापों का नाश करने वाला तथा मनोवांछित फलों को प्रदान करने वाला होता है।

# तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर एबीवीपी की पहल, विद्यार्थियों को दी गई डिजिटल सुरक्षा की सीख

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मोतिहारी**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा बुधवार को बृहस्पति सभागार में साइबर फ्रॉड जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएसपी अभिनव पाराशर ने अपने संबोधन में कहा कि आज साइबर अपराधी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जहां ठगी पारंपरिक माध्यमों से होती थी, वहीं अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे Facebook के माध्यम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग, OTP फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं Deepfake तकनीक के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब केवल एक मोबाइल नंबर, फोटो या छोटी सी जानकारी भी अपराधियों के लिए बड़ा हथियार बन चुकी है। वे मुख्य रूप से तीन चीजों का फायदा उठाते हैं — लालच, डर और जल्दीबाज़ी। उदाहरण के लिए, अगर कोई आपको कॉल करके कहे कि "सर, गलती से पैसे आपके अकाउंट में आ गए हैं, कृपया वापस कर दीजिए", तो आप सोचेंगे कि आप एक ईमानदार व्यक्ति हैं और पैसे लौटा देंगे। लेकिन यहीं पर असली खेल शुरू होता है। वह आपको एक लिंक भेजेगा या OTP मांगेगा, और जैसे ही आपने वह जानकारी साझा की, आपका बैंक अकाउंट खतरे में पड़ जाएगा।



कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रसून दत्ता सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उसके जोखिमों को समझना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी। डॉ. अंजिनी ने कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल अनुशासन अपनाने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने पर जोर दिया। डॉ. श्याम नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि युवा वर्ग सोशल मीडिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, इसलिए उन्हें सबसे अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े नुकसान का कारण बन सकती हैं। कार्यक्रम में ABVP की ओर से आशा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन हमेशा छात्र हित और उनकी सुरक्षा के लिए कार्य करता रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। वहीं ABVP के उपाध्यक्ष आयुष किशन ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिससे बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाली दुर्गा मंदिर का पट खुला

**मुंगेर**। मुंगेर के रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित बंगाली दुर्गा मंदिर का पट मंगलवार देर शाम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। चैत्र नवरात्र के छठे दिन पट खुलते ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बंगाली समाज के महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाज से मां कात्यायनी की विधिवत पूजा की। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यहां मां दुर्गा की पूजा विशेष रूप से बंगाली पद्धति से की जाती है। नवरात्र के छठे दिन मां की स्थापना की परंपरा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दशमी तिथि को विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

**विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा:** मंदिर में तीन दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा, जिसमें भंडारा भी कराया जाएगा और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन मां दुर्गा की महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों और महिलाओं द्वारा भक्ति संगीत एवं देवी गीतों की प्रस्तुति से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। वहीं, सप्तमी तिथि के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित शेरपुर बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर का पट भी खोला जाएगा। इसके साथ ही जिले के अन्य दुर्गा मंदिरों में भी पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। मंदिरों और पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां रंग-बिरंगी लाइटों से पूरा परिसर जगमगा रहा है।

**मंदिरों में दलिया चढ़ाने के लिए महिलाओं की भीड़:** गुरुवार को अष्टमी पूजा के दिन मंदिरों में दलिया चढ़ाने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ेगी। इसके बाद शुक्रवार को नवमी पूजा के अवसर पर कुमारी कन्या पूजन और ब्राह्मण भोजन कराया जाएगा। इस दौरान हवन-यज्ञ भी संपन्न कराया जाएगा। दशमी के दिन शहर के विभिन्न स्थानों पर मेले का आयोजन होगा और अगले दिन बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नवरात्र को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है।

### समाहरणालय परिसर से बाइक चोरी

**अररिया**। अररिया जिले के समाहरणालय परिसर से एक शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। यह घटना दिनदहाड़े उस समय हुई जब शिक्षक जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण में भाग लेने आए थे। पीड़ित ने नगर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित शिक्षक इनामुल हक डीआरडीए सभा भवन में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक (रजिस्ट्रेशन संख्या BR38J 0329) परिसर में खड़ी की थी। प्रशिक्षण के दौरान नाश्ते के लिए बाहर निकलने पर उन्हें अपनी बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।

**लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की:** इनामुल हक ने तत्काल नगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द बाइक बरामद करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। यह घटना समाहरणालय जैसे संवेदनशील सरकारी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है; पहले भी यहां से बाइक चोरी की कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की अपर्याप्त निगरानी और सुरक्षा गार्डों की कथित लापरवाही को लेकर आलोचना तेज हो गई है।

**कई स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं सामने आईं:** पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने जिले में बढ़ती बाइक चोरियों की श्रृंखला को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। हाल के दिनों में अररिया में कई स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। प्रशासन से सरकारी परिसरों में सीसीटीवी की नियमित निगरानी, सुरक्षा गार्डों की तैनाती और गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है। पीड़ित शिक्षक इनामुल हक ने कहा, "मैं सरकारी काम से आया था, लेकिन अपनी मेहनत की कमाई से खरीदी बाइक गंवा दी। मुझे पुलिस से उम्मीद है कि जल्द बाइक मिल जाएगी।" पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

### आय छिपाने के मामले में 19 लोगों को आयकर का नोटिस

**भागलपुर**। भागलपुर, पूर्णिया और किशनगंज में 19 लोगों की आय छिपाने के मामले सामने आए हैं। विभाग ने इन लोगों को नोटिस भेजा है। संतोषजनक जवाब न आने पर इनके खाते सीज किए जा सकते हैं। जांच में पता चला है कि विदेशी कंपनियों के शेयर ट्रेडिंग कर मुनाफा कमाने की जानकारी छिपाई गई थी। इसके साथ ही एनुअल इनकम स्टेटमेंट (एआईएस) की जांच में यह भी पकड़ा गया कि इन लोगों ने अपने विश्वसनीय कर्मचारियों के नाम पर शेयर और संपत्ति की खरीद-बिक्री की। आयकर विभाग ने कोरोना काल के बाद के वित्तीय वर्षों में हुई जांच में ये मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 5 लोगों ने भारी-भरकम टैक्स जमा भी कराया है। ये लोग ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, केमन आईलैंड, दुबई, चीन और अफ्रीका की कंपनियों में निवेश कर अच्छे-खासे मुनाफे में रहे, लेकिन रिटर्न दाखिल करते समय मुनाफे का जिक्र नहीं किया। हाल ही में बढ़े चांदी और सोने में भी विदेशी निवेश किया गया है। किशनगंज के एक व्यापारी ने 9.13 करोड़ की ट्रेडिंग की है। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दुबई व केमन आईलैंड की कंपनी के शेयर की खरीद-बिक्री की। लेकिन आईटीआर जब जमा किया गया तो उसमें 10 प्रतिशत ही आय दिखाई है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, विदेशी शेयरों से मुनाफा कमाने वालों को धारा 148 के तहत नोटिस भेजा गया है। लोगों से आय का विवरण देने को कहा गया है। जवाब न देने वालों के खातों को सीज किया जा सकता है। अगर वे 182 दिन से ज्यादा देश से बाहर रहकर ट्रेडिंग करते हैं तो उन्हें अप्रवासी भारतीय की श्रेणी में रखा जाता है। लेकिन इन मामलों में यह नियम लागू नहीं होता।

### प्रदूषण के दुष्प्रभावों की सशक्त प्रस्तुति

**बेगूसराय**| बिहार दिवस के अवसर पर सुलोचना सामाजिक संस्थान की ओर से कंकौल स्थित प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदूषण के दुष्प्रभावों को बेहद सजीव और प्रभावशाली तरीके से मंचित किया गया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से यह दिखाया गया कि प्रदूषण किस तरह समाज और मानव जीवन को प्रभावित कर रहा है। शिवानी गुप्ता, राखी गुप्ता और प्रकृति कुमारी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी श्रेया कुमार द्वारा की गई, जिसे खूब सराहा गया। नव्या रीती ने अर्धनारीश्वर (शिव) के रूप को मंच पर जीवंत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रिया ने "सत्यम शिवम सुंदरम" गीत पर प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।

### जागरुकता से ही एचआईवी एड्स से हो सकता है बचाव

**बेगूसराय**। जीडी कॉलेज में सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी व एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए बचाव और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सही उत्तर देने वाले स्वयंसेवकों को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से उपकार प्रकाशन का बुक सेट प्रदान किया गया। केंद्र की नोडल ऑफिसर डॉ. सफर अफरोज ने कहा कि एचआईवी व एड्स के प्रति जागरुकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने संक्रमण के कारण, फैलने के तरीके, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार और एडुकेटर सुमित कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संक्रमित व्यक्तियों की समय पर पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ना और समाज में उनके प्रति भेदभाव खत्म करना है।

# एसपी ने अवैध बालू खनन पर दिए सख्त निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका**। बांका के पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने मंगलवार की संध्या रजौन प्रखंड अंतर्गत सहायक थाना नवादा बाजार और रजौन सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर बौसी एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा भी मौजूद थे। नवादा बाजार सहायक थाना में एसपी वर्मा ने थानाध्यक्ष सुजीत कुमार से विभिन्न दर्ज मामलों की जानकारी ली। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्ती तेज करने का निर्देश दिया।

**थाना भवन का भी अवलोकन किया और परिसर में पौधारोपण किया:** एसपी ने दागी पंजी, अपराध पंजी, गुंडा पंजी और केस डिस्पोजल रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने नवादा बाजार में निर्माणाधीन नए थाना भवन का भी अवलोकन किया और परिसर में पौधारोपण किया।

**विभिन्न महत्वपूर्ण कांडों की प्रगति की जानकारी ली:** इसके पश्चात, एसपी रजौन पहुंचे और सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यवेक्षण व अनुसंधान पंजी, संबंधित संचिकाओं और अन्य अभिलेखों की बारीकी से जांच की। एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार से पर्यवेक्षण कार्य और विभिन्न महत्वपूर्ण कांडों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों की जांच के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्या अवैध बालू खनन है, जिस पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**अवैध खनन पर रोक लगाने की हिदायत दी:** एसपी ने थानाध्यक्षों को अवैध खनन पर रोक लगाने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बावजूद अवैध खनन का कोई मामला सामने आता है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि सूखा नशा के खिलाफ भी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और यह अभियान जारी रहेगा।

## आंधी से गेहूं की फसल को नुकसान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में पिछले दिनों आंधी-ओला गिरने के बाद किसानों की परेशानी बढ़ गई है। रबी सीजन 2025-26 के दौरान तैयार खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं, जिससे हजारों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। जिला कृषि कार्यालय की ओर से जारी प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार जिले के 11 प्रखंडों में व्यापक पैमाने पर फसल क्षति हुई है। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में कुल 1,20,746.2 हेक्टेयर भूमि पर रबी फसलें लगी थीं। मार्च के तीसरे और चौथे सप्ताह में आई तेज आंधी और बारिश के कारण 22,117.22 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें मक्का-गेहूं की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर कटाई के लिए तैयार फसलें खेतों में ही गिरकर बिछ गईं। जिले की 141 पंचायतों में किए गए सर्वे में यह पाया गया कि 5,395 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है।

**रिपोर्ट तैयार कर पटना भेजी है:** यह क्षेत्र मुआवजा देने के मानक के अंतर्गत आता है। कृषि विभाग ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कृषि निदेशक, पटना को भेज दी है। इसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी और आपदा प्रबंधन विभाग को भी उपलब्ध करा दी गई है।

**सर्वे के बाद अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी:** किसानों को अब सरकार से राहत की उम्मीद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, अंतिम सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को कृषि इनपुट सब्सिडी या अन्य सरकारी सहायता दी जा सकती है। जिला कृषि पदाधिकारी प्रेम शंकर प्रसाद ने बताया कि 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर मुआवजे का प्रावधान है। फिलहाल प्रारंभिक रिपोर्ट भेजी गई है और विस्तृत सर्वे के बाद अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद ही मुआवजे को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

## उदीयमान भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य, चैती छठ संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में बुधवार को उदीयमान सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इसी के बाद चार दिवसीय चैती छठ संपन्न हो गया। भागलपुर और आसपास के इलाके नवगछिया, कहलगांव, पीरपैंती और सुल्तानगंज के गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर छठी मइया की गीतों के बीच श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। भागलपुर के बरारी घाट, कप्पाघाट, सीढ़ी घाट सहित अन्य स्थानों पर प्रशासन ने पूजा के लिए व्यवस्था कर रखी थी। इसके अलावा सफाई, सुरक्षा के भी इंतजाम रहे।

**कई लोगों ने कृत्रिम तालाब बनाए:** गंगा घाटों पर भारी भीड़ थी, लेकिन कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ही छठ पूजा की। कुछ लोगों ने अपने आंगन या छत पर कृत्रिम तालाब बनाकर, तो कुछ ने जमीन में गड्ढा खोदकर उसमें पानी भरकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

# युवक की मौत, हत्या की आशंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



मो. शाहनवाज आलम
मृतक



**बेगूसराय**। बेगूसराय में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक भगवानपुर थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव निवासी मो. जफर आलम के बेटे मो. शाहनवाज आलम (25) के रूप में हुई है। परिजन को आशंका है कि हत्या को हादसे का रूप दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शाहनवाज ने करीब डेढ़ साल पहले प्रेम-प्रसंग में अपने गांव की ही उत्तम कुमार सहनी की बेटी अन्नू प्रिया (21) को घर से भगा कर ले गया था। लव मैरिज करने के बाद दोनों कुछ दिन तक तेघड़ा में छिप कर रहे थे। इसके बाद शाहनवाज अपनी पत्नी को लेकर कोलकाता चला गया। कोलकाता में वह पर्स फैक्ट्री में काम करता था। करीब 4 महीना पहले उसे एक बेटी हुई, जिसका नाम जुनाईसा प्रवीण रखा और डेढ़ महीना पहले वह पत्नी को लेकर गांव आया। गांव में ही पत्नी और बेटी के साथ रह रहा था। मंगलवार की शाम गांव के ही दो युवक उसे बुलाने आए थे। घर से कहकर निकला था कि थोड़ी देर में आ रहा हूं। पुलिस ने आज सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा कर लाश परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मामला पकठौल-भगवानपुर सड़क पर चिलहाय के पास की है।

**साथ में गए लड़कों को नहीं लगी चोट:** रात में परिजनों को सूचना मिली कि चिलहाय के समीप हादसे में उसकी मौत हो गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो उसकी लाश पड़ी हुई थी। जबकि उसके साथ गए दोनों युवक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी और बाइक भी मौके पर नहीं था। जिससे परिजनों ने आशंका जताई की शाहनवाज की हत्या कर हादसे का रूप दिया गया। मृतक की पत्नी अन्नु प्रिया ने बताया कि उसने 17 अक्टूबर 2024 को उसने अपने गांव के ही रहने वाले प्रेमी शाहनवाज आलम के साथ शादी की थी। इसके बाद गांव से बाहर चले गए और कोलकाता में रह रहे थे। करीब डेढ़ महीना पहले अपने पति और बेटी के साथ गांव आए थे। पता नहीं यह घटना कैसे हो गई।

**फोन पर एक्सीडेंट की मिली सूचना:** मृतक के पिता जफर आलम ने बताया कि मंगलवार की शाम में करीब 5 बजे गांव के 2 लड़के रोशन और रामभरोस आया। बाइक से शाहनवाज को बुलाकर ले गया था। रात में भतीजा के मोबाइल पर एक्सीडेंट की जानकारी मिली तो हम लोग मौके पर पहुंचे। उसके साथ गए दोनों लड़कों को किसी प्रकार की खरोंच तक नहीं आई। दोनों लड़के फरार हो गए। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। घटनास्थल के आसपास लोगों से पता किया तो जानकारी मिली कि दो बाइक से 6 लड़के थे, पता नहीं कौन था, कहां से आया, क्या किया। फिलहाल शाहनवाज के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही है। दोपहर में नमाज के बाद उसे गांव के ही कब्रिस्तान में दफन किया जाएगा।

# धौनी स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस का एक्सपेरिमेंटल स्टोपेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बांका**। बांका के धौनी रेलवे स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू किया जाएगा। यह निर्णय धौनी रेलवे संघर्ष समिति रजौन द्वारा लंबे समय से की जा रही पांच सूत्री मांगों के आलोक में पूर्व रेलवे के रेल महाप्रबंधक द्वारा लिया गया है। समिति ने स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं में सुधार की मांग की थी।

**ट्रेन के स्थायी ठहराव पर होगा विचार:** रेलवे विभाग के अनुसार, कविगुरु एक्सप्रेस का ठहराव शुरुआत में परीक्षण के तौर पर होगा। ट्रेन के स्थायी ठहराव पर निर्णय टिकट बिक्री और राजस्व प्राप्ति के आधार पर लिया जाएगा। यदि पर्याप्त राजस्व प्राप्त नहीं होता है, तो ठहराव को दोबारा बंद भी किया जा सकता है। इस प्रायोगिक ठहराव की सिफारिश से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। समिति की अन्य मांगों पर भी रेलवे प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। दुमका-पटना एक्सप्रेस ट्रेन के धौनी स्टेशन पर ठहराव को लेकर फिलहाल अध्ययन जारी है। वहीं, स्टेशन पर कम जनसंख्या और सीमित यात्री संख्या को देखते हुए पीआरएस आरक्षण काउंटर खोलना फिलहाल व्यवहारिक नहीं माना गया है। रेलवे का कहना है कि अधिकांश यात्री अब आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुकिंग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अतिरिक्त, धौनी स्टेशन के

♦ **यात्रियों की मांग पर रेलवे ने दी मंजूरी, अन्य विकास योजनाएं भी स्वीकृत**

विकास के लिए कई योजनाएं विचाराधीन हैं। प्लेटफॉर्म नंबर-2 के पूर्वी हिस्से में नया गेट खोलने की व्यवहार्यता की जांच मंडल स्तर पर चल रही है। स्टेशन पर वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से अनुबंध की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए धौनी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेड के निर्माण कार्य को भी मंजूरी मिल गई है, जिसे जल्द ही शुरू किया जाएगा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष सिकंदर यादव और प्रमोद सिंह वेल्डन ने इन मांगों को उठाया था।

## राजस्व कर्मचारियों का जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बिहार में राजस्व कर्मियों की हड़ताल के कारण जमीन का दाखिल-खारिज और परिमार्जन पूरी तरह ठप हो गए हैं। अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राजस्व कर्मचारी 11 फरवरी से ही अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। अब आंदोलन को और तेज करते हुए कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का मुख्य आक्रोश विभाग के प्रधान सचिव के उस बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने पूर्व के लिखित समझौतों को मानने से इंकार कर दिया। संघ के नेताओं का आरोप है कि 2 जून 2025 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के साथ एक लिखित सहमति बनी थी। जिसे बाद में मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय बैठक में भी मंजूरी मिली थी।

**20 फरवरी को डिप्टी सीएम के साथ बातचीत बेनतीजा रही थी:** इस समझौते के तहत राजस्व कर्मचारियों की योग्यता स्नातक और ग्रेड-पे 2800 (लेवल-5) निर्धारित की गई थी। लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया। 20 फरवरी 2026 को उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री और प्रधान सचिव के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही। कर्मचारियों का कहना है कि प्रधान सचिव ने पिछले लिखित समझौतों को रद्दी करार दिया। मंत्री ने स्थानांतरण पोर्टल, ईंधन और लैपटॉप भत्ते जैसे मुद्दों पर मौखिक आश्वासन दिए, लेकिन कुछ भी लिखित में देने से मना कर दिया। जब सरकार अपने ही पूर्व के लिखित समझौतों को रद्दी का टुकड़ा समझती है, तो हम आज के मौखिक आश्वासनों पर कैसे भरोसा कर लें। हक मिलने तक हमारा सामूहिक अवकाश जारी रहेगा।

# लोकसभा सदस्यता समाप्त करने का प्रोसेस शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका**। बांका की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने बांका के सांसद गिरधारी यादव के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में की जा रही है, जिससे जिले की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। इस मामले को लेकर जदयू संसदीय दल के नेता और सुपौल से सांसद दिलेश्वर कामत ने लोकसभा स्पीकर को औपचारिक नोटिस भेजा है। इसमें उन्होंने बांका सांसद गिरधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। पार्टी इसे अनुशासन बनाए रखने के लिए उठाया गया एक कड़ा कदम बता रही है।

**गिरधारी यादव ने पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान दिया था:** बताया जा रहा है कि गिरधारी यादव ने पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान दिया था, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व नाराज हो गया। विवाद तब गहराया जब उन्होंने एसआईआर से जुड़े एक अहम फैसले पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर टिप्पणी की। उन्होंने इस फैसले को "तुगलकी फरमान" बताते हुए इसे जल्दबाजी में लिया गया गलत कदम करार दिया था। सूत्रों के अनुसार, विवाद की एक बड़ी वजह पिछले विधानसभा चुनाव से भी जुड़ी है। आरोप है कि सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक प्रकाश रंजन ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उस समय भी जदयू के अंदर नाराजगी देखी गई थी। पार्टी का आरोप है कि सांसद ने अपने बेटे के समर्थन में प्रचार किया, जिसे पार्टी अनुशासन के खिलाफ माना गया।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में गिने जाते रहे:** राजनीतिक जानकारों का कहना है कि गिरधारी यादव लंबे समय तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में गिने जाते रहे हैं। हालांकि, विधानसभा चुनाव के बाद से उनके और पार्टी नेतृत्व के बीच दूरी बढ़ती चली गई। इसी क्रम में, 17 मार्च को मुख्यमंत्री की "समृद्धि यात्रा" के दौरान बांका में आयोजित कार्यक्रम में भी गिरधारी यादव की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बन गई थी। मंच पर कई बड़े नेता मौजूद थे, लेकिन सांसद के नहीं पहुंचने से सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। इस पर गिरधारी यादव ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें कार्यक्रम की कोई आधिकारिक सूचना या निमंत्रण नहीं मिला था। बताया जाता है कि इससे पहले पार्टी की ओर से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया था। हालांकि अब मामला केवल नोटिस तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सीधे उनकी संसदीय सदस्यता पर संकट खड़ा हो गया है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद बांका सहित बिहार की राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह विवाद बिहार की सियासत को एक नया मोड़ दे सकता है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 53-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 24.03.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत महत्वपूर्ण स्थान पर लोकेशन बॉक्स के आसपास फेंसिंग/कंक्रीटिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,41,70,965/-, **बयाना राशि:** रु. 6,83,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 15.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-404/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-27, दिनांक: 23.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल: ओएचई की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए बड़े स्पैन वाले वायर का उन्नयन। **निविदा मूल्य:** रु. 5,03,22,155.04, **बयाना राशि:** रु. 10,06,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 24.04.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-402/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### 282 रेल यात्रियों से वसूला गया 82 हजार रुपए जुर्माना

**आरा**। डीडीयू मंडल ने मंगलवार को आरा- सासाराम रेलखंड पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में खलबली मची रही। अभियान के दौरान 282 यात्रियों से करीब 82 हजार जुर्माना वसूला गया। रेल सूत्रों ने बताया कि डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम के लिए लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सासाराम स्टेशन सहित सासाराम-आरा रेलखंड में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग स्टाफ और सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों ने स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश व निकास द्वारों पर टिकट जांच की। साथ ही आवागमन वाली ट्रेनों में भी सघन जांच की गयी। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की सलाह भी दी गयी और जागरूक भी किया गया। मंगलवार को अभियान में कुल 282 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए, जिनसे जुर्माने के तौर पर लगभग 82 हजार रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। चेकिंग के दौरान टिकट काउंटरों पर सामान्य से अधिक भीड़ देखी गयी। रेल प्रशासन ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, वेबसाइट, रेलवन मोबाइल एप व एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेना अब और भी सरल हो गया है। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

### वीकेएसयू के कॉलेजों में बीसीए सेमेस्टर-एक की परीक्षा शुरू

**आरा**। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) द्वारा आयोजित बीसीए सेमेस्टर-वन सत्र, 2025-28 की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा एक अप्रैल 2026 तक चलेगी और इसे प्रतिदिन एक पाली में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से चारों जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आरा के सभी बीसीए पाठ्यक्रम संचालित कॉलेजों का केंद्र जगजीवन कॉलेज आरा को बनाया गया है। वहीं बक्सर जिले के लिए सीमा कुमारी कॉलेज, ईटाढ़ी, भभुआ के लिए बीजी कॉलेज तथा रोहतास जिले के कॉलेजों का केंद्र रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम निर्धारित किया गया है। आरा स्थित जगजीवन कॉलेज में पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। केंद्राधीक्षक प्रो. आभा सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी के साथ परीक्षा संचालन के निर्देश दिए हैं।

### मौसमी कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

**आरा**| संयुक्त बिहार राज्य सिंचाई विभाग मौसमी कर्मचारी यूनियन का जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मो. इम्तेयाज भारती के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हैं। धरना को संबोधित करते हुए विभिन्न संगठनों के नेताओं ने कहा कि सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मचारियों को अब तक खरीफ 2025 और रबी 2026 के कुल 135 दिनों का बकाया पारिश्रमिक नहीं मिला है। वक्ताओं ने बताया कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार बीत जाने के बावजूद मजदूरों के खाते में मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। वक्ताओं में जिला सचिव सुमन जी, चौकीदार-दफादार संघ के जिलाध्यक्ष रामनंद सिंह, शिक्षक संघ के जिला सचिव धर्म कुमार, महासंघ के संयुक्त सचिव अवधेश पासवान और शाहाबाद सुधा डेयरी के वरीय नेता हरवंदा कुमार शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक मजदूरों के खाते में बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। नेताओं ने यह भी बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री के आरा आगमन के दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। धरना में सुभाष कुमार व अन्य रहे ।

### पीएम विश्वकर्मा मार्केटिंग अवेयरनेस कार्यक्रम

**बक्सर**। चक्की प्रखंड में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मार्केटिंग अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को सरकारी योजनाओं तथा बाजार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था। मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार (बीपीएम, जीविका चक्की) उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित विद्या भूषण पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके अतिरिक्त बाबन यादव (विधायक प्रतिनिधि), डॉ. श्वेता देवतले, अंकेश कुमार, अखिलेश कुमार, दिनेश कुमार सिंह तथा वंदना आदि मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान विद्या भूषण पाठक ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### छापेमारी अभियान में 21 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**| जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास में 1, शराब के सेवन में 7, शराब बरामदगी में 5, वारंट में 2 व अन्य मामलों में 6 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### 25 तक गंगा नदी में नाव के परिचालन पर लगी रोक

**बक्सर**| चैती छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सदर एसडीएम अविनाश कुमार ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत महापर्व के दौरान गंगा नदी में 24 व 25 मार्च तक नावों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी पत्र के अनुसार, चैती छठ के अवसर पर नगर के सभी गंगा घाटों पर भीड़ उमड़ती है। अक्सर देखा जाता है कि लोग मनोरंजन के लिए नावों पर सवार होकर गंगा नदी का भ्रमण करते हैं। भीड़भाड़ और गहरे पानी के कारण ऐसी स्थितियों में किसी भी अप्रिय घटना या बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

### समृद्धि यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**बक्सर**| मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा के तहत बक्सर आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में डीएम साहिला व एसपी शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों, जवानों एवं दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल, रूट चार्ट, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, वीआईपी सुरक्षा तथा आपात स्थिति से निपटने के उपायों पर विस्तार से निर्देश दिए गए।

### दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी हुआ दोषी करार

**बक्सर**। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को पॉक्सो कोर्ट में सुनवाई हुई। जिला अपर सत्र न्यायाधीश 6 सह पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश अजीत कुमार शर्मा ने पुलिस और दोनों पक्षों के गवाहों के सुनने के बाद आरोपित को मामले में दोषी पाया। विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि 22 सितंबर 2023 को सिकरौल थाना क्षेत्र के भदार के छोटू के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी स्कूल गई थी और काफी विलंब से घर आई। उसने बताया कि छोटू ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सजा के बिन्दु पर अगली तारीख को सुनवाई की जाएगी।

# हत्याकांड में फरार आइटीबीपी जवान के खिलाफ इश्तेहार जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में गणेश तिवारी की हत्या हुई थी। हत्याकांड में फरार चल रहे आइटीबीपी जवान बसंत तिवारी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में न्यायालय से आरोपित के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, जिसे जल्द ही उसके घर पर चस्पा किया जाएगा। इसके जरिए आरोपी को निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर तय समय में बसंत तिवारी सरेंडर नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल की जाएगी।

**40 दिनों की छुट्टी लेकर अपने गांव आया थाः** जानकारी के अनुसार, घटना के करीब डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन वह अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। बताया जाता है कि बसंत



तिवारी उत्तराखंड में आइटीबीपी में तैनात है और घटना से पहले करीब 40 दिनों की छुट्टी लेकर अपने गांव आया था।

**9 फरवरी की सुबह हुई थी घटनाः** दरअसल, 9 फरवरी की सुबह बभनौली गांव में एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया था। आंगन की ओर खिड़की खोलने को लेकर

◆ चचेरे भाई की गोली मारकर की थी हत्या, जल्द सरेंडर की दी जाएगी चेतावनी

हुए विवाद में बसंत तिवारी ने अपने ही चचेरे भाई गणेश तिवारी के सिर में गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। घटना स्थल से पुलिस ने खोखा बरामद किया था, जिससे गोलीबारी की पुष्टि हुई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी के बयान पर बसंत तिवारी और उसकी मां के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे कानून के दायरे में लाया जाएगा। वहीं, इश्तेहार की कार्रवाई के बाद आरोपी पर दबाव और बढ़ने की उम्मीद है।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने लहराया परचम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भोजपुर जिले के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। मैथ ओलंपियाड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुलूकूआ पीरो के छात्र शुभम पटेल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। उच्च मध्य विद्यालय पचौना बाजार कोईलवर के छात्र अनुज कुमार शर्मा को राज्यस्तरीय क्विज में चौथा स्थान मिला है। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में हरबंस उच्च विद्यालय चांदी कोईलवर की छात्रा सोनाक्षी कुमारी को पांचवी स्थान प्राप्त हुआ है। नोडल शिक्षक प्रमोद कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय बाघी पाकड़ हेमतपुर आरा व मधुलिका पाण्डेय अमीरचंद कन्या विद्यालय उच्च विद्यालय आरा भी बच्चों की टीम के साथ पटना गए थे।

## बीड़ी नहीं दी तो पोते ने की दादा की हत्या

◆ लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला, मर्डर के बाद आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में चचेरे पोते ने दादा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पोते ने दादा से बीड़ी मांगी थी। दादा ने कहा था कि अभी मेरे पास नहीं है। इसी बात से पोता नाराज हुआ और बुजुर्ग पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे से पीटकर जान ले ली। मृतक सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव निवासी रामजी मुसहर (52) है। जो करीब 15 साल से चतुर्भुजी बरांव गांव के मुसहर टोली स्थित ससुराल में रहते थे। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी पोते गोरख मुसहर (19) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना पीरो थाना क्षेत्र की है।

**परिजन ने पुलिस को दी सूचनाः** मृतक के नाती पार्टनर ने कहा कि नाना घर के बाहर दरवाजे पर बैठे थे। तभी गोरख पहुंचा। उसने नाना से बीड़ी मांगी। नहीं देने पर उसने नाना को मार डाला। आसपास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तो परिवार के सदस्यों को जानकारी हुई। परिवार ने सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगीः** पीरो थानाध्यक्ष दीपक कुमार साह ने बताया कि गोरख मुसहर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीड़ी के विवाद को लेकर लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या की गई। अभी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी ललकी देवी और 2 बेटे टुनटुन मुसहर व लक्की मुसहर है।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन व पीएम का पुतला दहन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। केंद्र सरकार की नीतियों, रसोई गैस (एलपीजी) की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में कथित किल्लत के विरोध में मंगलवार को भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी ने जिला समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में नेताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता, खासकर मध्यमवर्ग और गरीब परिवारों का बजट बिगड़ गया है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि घरेलू गैस की अनियमित आपूर्ति और कृत्रिम किल्लत से लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। नेताओं ने कहा कि महंगाई की मार से महिलाओं और गृहिणियों की परेशानी बढ़ गई है, वहीं छोटे



व्यवसायों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही कीमतों में राहत और आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के ठोस कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, डॉ. शशि कुमार सिंह, प्रो. डॉ. राजेंद्र ओझा, उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह यादव, डॉ. श्रीधर तिवारी, डॉ. अभिषेक द्विवेदी, बीरेंद्र मिश्रा, अशोक यादव और अरुण सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। एलपीजी कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति की कमी से आम जनता, होटल व्यवसायी व छोटे व्यापारी परेशान हैं। महंगाई बढ़ी, सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी तेज हुई। कई जगह लंबी कतारें लग रहीं, लोग वैकल्पिक साधनों की ओर मजबूर हैं।

## सुरक्षा पर प्रशासन सतर्क, नौका से किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर स्थित पवित्र शिव सरोवर घाट पर आस्था और श्रद्धा का महापर्व चैती छठ का आयोजन इस वर्ष भी अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। संध्या को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पर्व के दौरान व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पूर्ण विधि-विधान के साथ अर्घ्य अर्पित किया। ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर सरोवर के घाट पर श्रद्धा का ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। हजारों की संख्या में जुटे व्रतियों और श्रद्धालुओं ने शिव सरोवर के किनारे पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप पूजा-अर्चना की। महिलाएं पारंपरिक परिधान में छठ गीत गाते हुए घाटों पर पहुंचीं। संध्या अर्घ्य में जल में खड़े होकर सूर्य उपासना करते व्रतियों के चेहरे पर दिखती आस्था ने इस पर्व की गरिमा को और पवित्र बना दिया। छठ पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने



के लिए नगर पंचायत ब्रह्मपुर द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई थीं। घाटों की साफ-सफाई से लेकर विशेष प्रकाश व्यवस्था तक हर पहलू पर बारीकी से ध्यान दिया गया। व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए घाट पर बैरिकेडिंग, अस्थायी शौचालय, पेयजल व्यवस्था और चिकित्सा शिविर की पूरी व्यवस्था की गई थी। प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बक्सर|चैती छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसडीएम अविनाश कुमार, एसडीपीओ गौरव पांडेय, रेडक्रॉस के सचिव डॉ. श्रवण कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी नाव के माध्यम से विभिन्न घाटों का निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नदी किनारे बने घाटों की स्थिति, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती तथा आपातकालीन सुविधाओं की उपलब्धता का गहन समीक्षा की। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि व्रतियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले घाटों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। छठ घाटों पर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ घाटों पर गोताखोरों की टीम लगातार निगरानी करती नजर आई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों ने भी पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई स्वयंसेवकों ने व्रतियों की सहायता में हाथ बंटाते हुए सेवा और सहयोग का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। चैती छठ के इस सामूहिक उत्सव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि ब्रह्मपुर की पहचान सिर्फ धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि यहां की सांस्कृतिक एकता, समन्वय, और समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी प्रशंसनीय है।

## अनन्या बनी आर्ट्स टॉपर, साइंस में विवेक मिश्रा प्रथम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर**। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम ने इस वर्ष कोईलवर प्रखंड को नई पहचान दिलाई है। आर्ट्स संकाय में धनडीहां गांव की अनन्या सत्यार्थी ने जिले में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी पारस भगत की पुत्री अनन्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उनका सपना सिविल सेवा में जाकर समाज की सेवा करना है। इसी संकाय में चांदी की छात्रा तहसीन सज्जाद ने 467 अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हरवंश उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा तहसीन ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जिससे परिवार और विद्यालय में गर्व का माहौल है। साइंस संकाय में मटियारा गांव के विवेक मिश्रा ने जिले में प्रथम स्थान हासिल कर कोईलवर का परचम लहराया है। साधारण पुरोहित परिवार से आने वाले विवेक ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता पाई है। उनका लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा पास कर प्रशासनिक सेवा



में जाना है। वहीं राजापुर विद्यालय के छात्र बिट्टू कुमार ने 463 अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पचरुखिया कला गांव निवासी बिट्टू के पिता राजमिस्त्री हैं। आर्थिक अभाव के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उनका सपना आईआईटी में प्रवेश लेकर इंजीनियर बनना है। कोईलवर के इन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर बाधा पार की जा सकती है। उनकी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है। विद्यार्थियों के सफलता पर स्थानीय लोगों व समाजसेवियों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 16.40 लाख रुपए में गड़हनी बाजार की हुई बंदोबस्ती

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी सभागार में बाजार, ऑटो एवं बस बंदोबस्ती को लेकर एक विशेष बैठक की गई। बैठक का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे, मुख्य पार्षद कुबू निशा एवं उपमुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार ने किया। बंदोबस्ती को लेकर बहुत कम लोग ही कागज जमा कर पाए थे जिसके कारण बंदोबस्ती शांतिपूर्ण हो पाया। बाजार बंदोबस्ती के लिए कुल चार लोगों शामिल हुए थे जिसमे सबसे अधिक बोली देवड़ी निवासी मुन्ना सिंह ने लगाया और 16,40000 रुपए में बाजार अपने नाम कर लिया। इसमें चार लोग ही शामिल हो पाए थे। वहीं टेम्पो ऑटो स्टैंड बंदोबस्ती के लिए भी चार लोग ही शामिल थे जिसमे सबसे अधिक बोली चांदी निवासी रूपेश कुमार ने 4,50,500 रुपए लगाकर अपने नाम किया।कार्यपालक पदाधिकारी वरुण दुबे ने बताया कि बस स्टैंड बंदोबस्ती को लेकर एक भी फॉर्म जमा नहीं हुआ था जिसके कारण नहीं हो पाया।

## 2005 के बाद ही बिहार में कानून राज आया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'समृद्धि यात्रा' के 5वें फेज के तहत आज बक्सर पहुंचे। इस दौरान CM ने सभा को संबोधित करते हुए राज्य में विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान उन्होंने साल 2005 के बाद बिहार में आए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा, राज्य में अब कानून का राज स्थापित हो चुका है और लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने न सिर्फ विकास कार्यों का जिक्र किया, बल्कि विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए पूर्व की सरकारों के कार्यकाल को लेकर तीखी टिप्पणी की। वहीं, कार्यक्रम के बीच में एक ऐसा क्षण भी आया जब उन्होंने सभा से उठकर जा रही महिलाओं को मंच से ही रोकते हुए सवाल किया, जो चर्चा का विषय बन गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 4.5 अरब रुपए से अधिक लागत वाली 721 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में उनका 50 किलो फूलों की माला से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व आईपीएस और पहली बार विधायक बने आनंद मिश्रा ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**2005 के बाद बदली बिहार की तस्वीरः CMः** मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 24 नवंबर 2005 को पहली बार NDA की सरकार बनी। इसके बाद से बिहार में विकास के काम शुरू हुए। उस समय की स्थिति और आज के बिहार में जमीन-आसमान का फर्क है। उन्होंने कहा, पहले राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे। बाहर निकलने से डरते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज लोग सुरक्षित महसूस करते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने काम करते हैं।

**'अब नहीं होता डर का माहौल'**: मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य में कानून का राज स्थापित किया है। उन्होंने



कहा, हमारी सरकार बनने के बाद से लगातार विकास के काम हो रहे हैं। सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। आज बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर वर्ग तक विकास पहुंचाना है और इसी उद्देश्य से 'समृद्धि यात्रा' के जरिए वे लोगों के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

**सभा से उठकर जा रही महिलाओं को CM ने रोकाः** सभा के दौरान उस समय एक दिलचस्प स्थिति उत्पन्न हो गई जब कुछ महिलाएं कार्यक्रम बीच में छोड़कर जाने लगीं। इसे देखते ही मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के दौरान ही उन्हें संबोधित करते हुए कहा, काहे भाग रही है सब? महिला सब काहे जा रही है? काहे के लिए भाग रही है? सब चीज को जानेगी तभी ना बोलोगी। ये सब ठीक नहीं है, फालतू बात है।"

**विकास योजनाओं का भी किया जिक्रः** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना है, ताकि आम लोगों को सीधा लाभ मिल सके।

**जेल से बाहर आएंगे भगवान वामन- सम्राट चौधरीः** सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी बक्सर से जुड़े धार्मिक पहलू को उठाया। उन्होंने कहा कि बक्सर शहर के केंद्रीय जेल परिसर में भगवान वामन का मंदिर स्थित है, जहां पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### छठ पूजा के दौरान युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

### हसनपुरा छठ घाट पर सेवा कर रहे युवक पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

**मसौढ़ी।** थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में छठ पूजा के दौरान मंगलवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हसनपुरा गांव निवासी रामप्रवेश पासवान के पुत्र आजाद कुमार उर्फ चंदन पासवान छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन पर अचानक गोली चला दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि हमलावरों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक हसनपुरा विष्णु सूर्य मंदिर स्थित छठ घाट की देखरेख कर रहा था, तभी अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### महावीर मंदिर में अयोध्या से आयेंगे पुजारी



**पटना।** हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी मनाई जाती है। इस बार 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना के मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही है। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही मंदिर का पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च की रात होने वाली आरती तक चलेगा। इस बार पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाए जाएंगे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए श्रद्धालुओं की भीड़ पर नजर रखी जाएगी। महावीर मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर के समीप से वीर कुंवर सिंह पार्क तक काउंटर रहेगा। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलों नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो और बनाने की तैयारी रखी गई। बीते वर्ष भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलों नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। राम नवमी के दिन लोहे और बांस की बैरिकेडिंग की जा रही है। धूप से बचाव के लिए छावनी बनाई जा रही है और पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार रहेगी। इसके अलावा कई जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इन एलईडी पर लाइव पूजा देखने की व्यवस्था होगी। पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रहेगी। मेडिकल कैंप, एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी। इसके साथ ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। सुरक्षा में सरकारी और प्राइवेट सुरक्षाकर्मियों की मदद ली जाएगी। सरकारी के अलावा करीब 100-120 प्राइवेट सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। रामनवमी के रोज कितने भक्त आए इसकी गिनती के लिए नई तकनीक लगाने की कोशिश हो रही है, जिससे हेड काउंट किया जा सके।

# पूर्व मध्य रेल की बड़ी उपलब्धि, 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

◆ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से धनबाद तक विशेष ट्रेन का परीक्षण, तेज और सुरक्षित यात्रा की दिशा में बड़ा कदम





**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल ने रेल परिचालन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मिशन रफ्तार के तहत बुधवार को ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से धनबाद जंक्शन के बीच 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से विशेष ट्रेन का सफल स्पीड ट्रायल किया गया।

यह ट्रायल पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस उपलब्धि को रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, जो न केवल तकनीकी क्षमता को दर्शाता है बल्कि भविष्य में यात्रियों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

पूर्व मध्य रेल लगातार संरक्षित और सुगम रेल परिचालन के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में फैले लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड के दोनों ओर फेंसिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। प्रधानखंटा स्टेशन से लेकर गोमो जंक्शन, कोडरमा स्टेशन, गया जंक्शन और सोननगर जंक्शन होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक अधिकांश हिस्सों में फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

इसके साथ ही इस महत्वपूर्ण रेलखंड पर आधुनिक सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की स्थापना का कार्य भी तेजी से जारी है, जिससे ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा और विश्वसनीयता और अधिक मजबूत होगी।

स्पीड ट्रायल के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से गया तक मौजूद रहे, जबकि गया से धनबाद तक धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मुख्यालय एवं मंडल के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# चैती छठ पर जरासंध सरोवर में 2100 दीपों से सजा आस्था का अद्भुत दृश्य

### धनरूआ के ऐतिहासिक सरोवर घाट पर दीपदान, छठ मैया और सूर्यदेव की भक्ति में डूबे श्रद्धालु



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** चैती छठ के पावन अवसर पर धनरूआ स्थित ऐतिहासिक जरासंध सरोवर घाट पर भव्य दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 2100 दीप प्रज्वलित कर छठ मैया और सूर्यदेव की विधिवत आराधना की गई।

दीपों की रोशनी से पूरा सरोवर तट जगमगा उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ दीप जलाकर लोक आस्था के इस महान पर्व को विशेष रूप से मनाया।

कार्यक्रम के दौरान सरोवर का दृश्य अत्यंत मनमोहक दिखाई दे रहा था। जल में तैरते दीपों की कतारें आस्था और विश्वास का अद्भुत प्रतीक बन गईं। श्रद्धालुओं ने छठ मैया से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार के मंगल की कामना की।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को और मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का भी सुंदर संदेश दिया।

# रासलीला महोत्सव में कृष्ण-सुदामा कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु

### गांधी मैदान में वृंदावन की रासमंडली ने प्रस्तुत की भावपूर्ण लीला, भक्ति में डूबा माहौल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी।** गांधी मैदान में आयोजित रासलीला महोत्सव के छठे दिन श्रीकृष्ण-सुदामा की मार्मिक कथा का मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे आयोजन में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की प्रस्तुति वृंदावन से आए व्यास नंद किशोर जी महाराज की रासमंडली द्वारा की गई। महोत्सव की शुरुआत "राधे-राधे" नाम स्मरण और राधा-कृष्ण के मनमोहक संगीत एवं नृत्य के साथ हुई, जिसने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

इसके बाद श्रीकृष्ण-सुदामा कथा का मंचन किया गया। कथा में दर्शाया गया कि सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के बालसखा होने के साथ-साथ उनके अनन्य भक्त भी थे। आर्थिक तंगी से जूझ रहे सुदामा को उनकी पत्नी ने सहायता के लिए श्रीकृष्ण के पास भेजा। सुदामा अपने साथ भेंट स्वरूप थोड़ा चावल लेकर गए, लेकिन मित्रता और संकोच के कारण उसे देने में झिझकते रहे।

कथा के अनुसार, श्रीकृष्ण ने सुदामा के मन की भावना को समझते हुए स्वयं ही वह भेंट स्वीकार कर ली और अपने स्नेह से उनका स्वागत किया। सुदामा जब वापस अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। यह कथा भगवान और भक्त के बीच सच्चे प्रेम, समर्पण और विश्वास को दर्शाती है।

महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरी श्रद्धा के साथ कथा का रसपान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा गांधी मैदान भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# महिला से दुष्कर्म कर वीडियो बनाया, वायरल करने की धमकी देकर वर्षों तक करता रहा शोषण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

◆ मुखिया पुत्र पर गंभीर आरोप, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच

**मसौढ़ी,पटना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो बनाने और उसे वायरल करने की धमकी देकर वर्षों तक शोषण करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

शिकायत के अनुसार, गांव के मुखिया के पुत्र प्रदीप कुमार पर आरोप है कि उसने करीब छह वर्ष पूर्व महिला को घर में अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने घटना का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर महिला को लगातार भयभीत किया और कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी बार-बार धमकी देकर उसे अपने कब्जे में रखता था, जिससे वह डर के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं दे सकी। लंबे समय तक मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न झेलने के बाद आखिरकार महिला ने साहस जुटाकर अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़िता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए पुलिस हर आवश्यक कदम उठा रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रामनवमी पर भगवामय पटना, 52 जगहों से निकलेगी भव्य झांकियां, महावीर मंदिर में रात 2 बजे से दर्शन

एजेंसी, पटना



रामनवमी के अवसर पर राजधानी पटना में इस वर्ष भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। इसी क्रम में आज महावीर स्थान न्यास समिति द्वारा महावीर मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इस दौरान 27 मार्च को होने वाले आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के सचिव सायं कुणाल ने बताया कि, 'इस बार रामनवमी पर पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिलेगा। पटना में 52 स्थानों से भव्य झांकियां निकाली जाएंगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेंगी।'

**रात 2 बजे से शुरू होगा दर्शनः** रामनवमी के दिन महावीर मंदिर के पट सुबह 2 बजे ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। सबसे पहले दर्शन करने वाले 10 श्रद्धालुओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की हैं।

**24 हजार किलो नैवेद्यम, कई काउंटर बनाएः** इस अवसर पर करीब 24 हजार किलो नैवेद्यम (प्रसाद) तैयार किया जाएगा। GPO से लेकर महावीर मंदिर तक नैवेद्यम वितरण के लिए 12 काउंटर लगाए जाएंगे, जबकि मंदिर परिसर में भी 8 अलग-अलग काउंटर बनाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। रामनवमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की गई है। शहर के प्रमुख स्थानों पर CCTV कैमरे लगाए जाएंगे और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों और चोरी की घटनाओं पर नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

**स्क्रीन और मेडिकल सुविधाः** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए GPO गोलंबर तक करीब 20 से 30 LED स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से मंदिर के लाइव दर्शन किए जा सकेंगे। इसके अलावा जगह-जगह मेडिकल टीम और अस्थायी शौचालय की भी व्यवस्था की जाएगी। वाहनों की पार्किंग के लिए मल्टी लेवल पार्किंग के साथ-साथ बुद्ध स्मृति पार्क के पास विशेष व्यवस्था की गई है। इससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

रामनवमी के मौके पर पूरे पटना शहर को लगभग 2 लाख भगवा ध्वजों से सजाया जाएगा, जिससे धार्मिक माहौल और भी भव्य हो जाएगा। सचिव सयान कुणाल ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिर परिसर में धक्का-मुक्की न करें और शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन करें। उन्होंने VIP श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे दोपहर 12 बजे के बाद ही दर्शन के लिए आएं, ताकि आम श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

# डाइकिन इंडिया ने लॉन्च किए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल एसी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली से कूलिंग में नया बदलाव

### 5-स्टार इन्वर्टर एसी और उन्नत तकनीक से बिजली की बचत पर जोर, भविष्य में कीमतें बढ़ने के संकेत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** डाइकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष 2026 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर मॉडल प्रस्तुत करने की घोषणा की है। जापान की डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इस कंपनी ने इस बार ऊर्जा दक्षता और स्मार्ट तकनीक पर विशेष ध्यान देते हुए कमरे में उपयोग होने वाले एसी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वीआरवी अल्फा श्रृंखला पेश की है। इसे शीतलन क्षेत्र में एक बड़ा तकनीकी बदलाव माना जा रहा है।

कंपनी द्वारा पेश किए गए नए कमरे के एयर कंडीशनर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सख्त मानकों के अनुरूप तैयार किए गए हैं। कंपनी का दावा है कि ये एसी बेहतर ठंडक के साथ बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी लाएंगे।

नई श्रृंखला में पेटेंट प्राप्त स्ट्रीमर डिस्चार्ज तकनीक, झूला कंप्रेसर, स्मार्ट इंटरनेट कनेक्टिविटी (स्मार्ट जुड़ाव), जंग-रोधी डीएनएनएस परत और 54 डिग्री सेल्सियस तक प्रभावी शीतलन जैसी आधुनिक खूबियां शामिल हैं। कंपनी ने विशेष रूप से 5-स्टार इन्वर्टर विभाजित एसी पर ध्यान केंद्रित किया है, जो कम शोर में तेजी से कमरे को ठंडा करते हैं और लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं। ये एसी शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ पहली बार एसी खरीदने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी उपयुक्त बताए गए हैं।

व्यावसायिक भवनों और बड़े आवासीय परिसरों के लिए कंपनी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वीआरवी अल्फा श्रृंखला भी पेश की है। यह प्रणाली मौसम और उपयोग के अनुसार स्वयं को अनुकूलित करती है, जिससे ऊर्जा की अधिकतम बचत के साथ बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। इस तकनीक के माध्यम से बड़े भवनों में स्मार्ट, लचीली और किफायती शीतलन व्यवस्था संभव हो सकेगी।

इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने कहा कि डाइकिन भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक, भरोसेमंद और ऊर्जा-कुशल उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 60 से अधिक मॉडलों वाली यह नई श्रृंखला जापानी तकनीक और भारतीय जरूरतों का संतुलित मिश्रण है।

कंपनी ने यह भी संकेत दिया है कि कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की लागत में वृद्धि के कारण आने वाले समय में एयर कंडीशनर की कीमतों में 7 से 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में यह लॉन्च उपभोक्ताओं के लिए तकनीकी उन्नयन के साथ-साथ भविष्य की कीमतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पटना में 60 एसिड अटैक पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** बिहार स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी की ओर से 29 मार्च को पटना में एसिड अटैक पीड़ितों के लिए एक विशेष जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह पहल नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के मिनिमम एक्शन प्लान के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना है।

**मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर आयोजनः** प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम में राज्यभर से लगभग 60 एसिड अटैक पीड़िताएं हिस्सा लेंगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा पीड़ितों का आंकड़ा एकत्र कर उन्हें आमंत्रित किया गया है, ताकि वे इस पहल का लाभ उठा सकें। इस दौरान सभी पीड़िताओं को लगभग 3 लाख रुपये की न्यूनतम मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि मुख्य न्यायाधीश द्वारा वितरित की जाएगी। इसके अलावा, विक्टिम कंपेंसेशन बोर्ड द्वारा निर्धारित अतिरिक्त मुआवजा राशि भी पीड़ितों को दी जाएगी। धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। कार्यक्रम में कानूनी सहायता, पुनर्वास योजनाओं और सरकारी सहयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के तहत सालभर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, ताकि जरूरतमंदों तक न्याय और सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन, घाटों पर उमड़ी आस्था की भीड़

### मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने दिया उषा अर्घ्य, 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





मसौढ़ी। लोक आस्था के महान पर्व छठ का समापन बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। उषा अर्घ्य के अवसर पर छठ घाटों पर देर रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र के मणिचक रामजानकी मंदिर, बरनी, भदौरा, नदवा, पुनपुन, पोठही, देवरिया, भगवानगंज, काजीचक सहित विभिन्न घाटों पर लाखों की संख्या में व्रती सूर्योदय से पहले ही जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए तैयार नजर आए। अंधेरी रात में दीपों की रोशनी से सजे घाटों का दृश्य अत्यंत आकर्षक और मनमोहक दिखाई दे रहा था।

बुधवार की सुबह करीब चार बजे से ही श्रद्धालुओं का घाटों और तालाबों पर पहुंचना शुरू हो गया था। व्रती जल में खड़े होकर उगते सूर्य की प्रतीक्षा करते रहे और सूर्योपासना में लीन दिखाई दिए। जैसे ही सूर्य की पहली किरणें निकलीं, व्रतियों ने विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित किया और अपने 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास को पूर्ण किया।

इससे पूर्व मंगलवार की संध्या को व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था।

चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत के दौरान श्रद्धालु अपने परिवार, विशेषकर संतान की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए उपवास रखते हैं। घाटों पर पूजा समितियों द्वारा विशेष सजावट की गई थी। रंग-बिरंगी रोशनी, झालरों और साफ-सफाई की व्यवस्था के कारण सभी घाट आकर्षण का केंद्र बने रहे। अर्घ्य के बाद श्रद्धालुओं ने व्रतियों से ठेकुआ सहित प्रसाद ग्रहण किया।

# संक्षिप्त समाचार

## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 28 मार्च को झारखंड दौरे पर, उलिहातू में बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि

**रांची।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 28 मार्च को झारखंड दौरे पर आएंगे। वह विशेष विमान से सुबह करीब 11 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के बाद उपराष्ट्रपति सीधे खूंटी जिले के उलिहातू जाएंगे, जहां वे महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान वे उनके वंशजों से भी मुलाकात करेंगे। खूंटी से लौटने के बाद उपराष्ट्रपति रांची स्थित राजभवन जाएंगे, जहां वे दोपहर का भोजन करेंगे और कुछ समय विश्राम करेंगे। इसके बाद वे आईआईएम रांची के पुंदाग कैंपस में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपराष्ट्रपति देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। उनके इस दौरे को लेकर राज्य सरकार ने रांची और खूंटी जिला प्रशासन को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## नशे के लिए पैसे न मिलने पर युवक ने की आत्महत्या

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के बाउरी बस्ती में एक 35 वर्षीय युवक द्वारा कथित तौर पर नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान दयाल बाग के रूप में हुई है, जो भुइयांडीह स्थित एक लकड़ी टाल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जाता है कि वह नशे का आदी था। मंगलवार रात वह नशे की हालत में ही घर पहुंचा और परिजनों से फिर से नशा करने के लिए पैसे मांगने लगा। परिजनों द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर उसने घर में विवाद किया और मारपीट पर उतारू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उसे घर से बाहर कर दिया। कुछ समय बाद दयाल अपने कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खटखटाने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर दयाल को फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। परिजन और स्थानीय लोग उसे तत्काल एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है। मृतक का भगीने अमित बाउरी ने बताया कि दयाल की तीन छोटी बेटियां हैं, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## चाईबासा नगर परिषद की बोर्ड बैठक में उठे शहर की समस्याओं के मुद्दे, समाधान के लिए बनी रणनीति

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा नगर परिषद के सभागार में बुधवार को परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश की अध्यक्षता में दूसरी बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में नगर के सभी 21 वार्डों के पार्षद, उपाध्यक्ष विकास कुमार शर्मा, कार्यपालिका अभियंता संतोषिनी मुर्मू, नगर प्रबंधक लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा तय करना था। पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए लिखित रूप में दर्ज किया गया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। चर्चा के दौरान जोड़ा तालाब क्षेत्र की बदहाल स्थिति, बस स्टैंड की अव्यवस्था, शहर में बढ़ती जाम की समस्या और कचरा प्रबंधन की खराब व्यवस्था जैसे अहम मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इसके अलावा, शहर में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की नियमित छंटाई के लिए स्थायी लिफ्टर मशीन खरीदने का प्रस्ताव भी रखा गया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और यातायात सुधारने में मदद मिलने की उम्मीद है। बैठक के दौरान बस स्टैंड निर्माण को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# खूंटी में 39 लाख का अफीम बरामद, चार गिरफ्तार

**एजेंसी। खूंटी**



जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अफीम और डोडा बरामद किया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 37 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष टोप्पो ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 24 मार्च को गुप्त सूचना मिली थी कि जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गाड़ी गांव में संतोष आइंद और जीवन जशमन आइंद की ओर से अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने संतोष आइंद के घर के बगीचे से छिपाकर रखा गया कुल 39.78 किलोग्राम डोडा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 06 लाख रुपये बताई गई है। मौके से संतोष आइंद को गिरफ्तार कर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने इस अवैध धंधे में जीवन जशमन आइंद की संलिप्तता की जानकारी दी। इसके आधार पर पुलिस ने जीवन जशमन आइंद उर्फ लेबरे के ठिकाने पर छापा मारा, जहां उसके घर के पास स्थित खेत से 6.320 किलोग्राम अफीम जैसा पदार्थ (बाल्टी सहित) बरामद किया गया। बरामद अफीम की कीमत लगभग 31.50 लाख रुपये आंकी गई है। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष आइंद (22), जीवन जशमन आइंद उर्फ लेबरे (53), महादेव टूटी उर्फ मनीष (25) और जाठा सांगा उर्फ सुकरा सांगा (50) शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में सभी आरोपितों ने अवैध अफीम की खेती और उसके कारोबार में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस संबंध में जरियागढ़ थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 01 एकड़ में लगी अफीम की फसल को भी नष्ट कर दिया, जिसमें फल लगे हुए थे। इस कार्रवाई में तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी बिरेंद्र कुमार सहित जरियागढ़ थाना की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध नशा कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीआईटी के दो पेट्रोल पंप में डकैती, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र में मंगलवार देर रात अपराधियों ने दो पेट्रोल पंपों पर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि लगभग छह की संख्या में अपराधी बाइक और कार से आए और डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सबसे पहले अपराधी ड्रीम प्वाइंट पेट्रोल पंप पर पहुंचे, जहां हथियार के बल पर कर्मियों को बंधक बना लिया। वहां से अपराधी दो लाख से अधिक की डकैती कर भाग निकले। जबकि दूसरे पेट्रोल पंप से 2 हजार रुपये ही लूट सके। इस मामले को लेकर बीआईटी ओपी प्रभारी अजय कुमार दास ने बुधवार को बताया कि देर रात दो पेट्रोल पंप पर डकैती हुई है। एक पेट्रोल पंप पर 2 लाख से अधिक, जबकि दूसरे पेट्रोल पंप से दो हजार लेकर अपराधी फरार हुए हैं। पुलिस देर रात घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर जांच की जा रही है। अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# भाजपा ने नगर कमेटी का किया विस्तार, 17 पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

शहर के जुबली तालाब स्थित कैफेटेरिया में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नगर कमेटी के विस्तार को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में नई टीम की घोषणा की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार पोद्दार ने किया, जिसमें पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की रणनीति पर जोर दिया गया। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री प्रताप कटिहार, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र नाथ ओझा, नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश खिरवाल सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार और नई जिम्मेदारियों के वितरण की विस्तृत जानकारी साझा की गई। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार पोद्दार ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला महामंत्री प्रताप कटिहार ने बताया कि जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू के निर्देशानुसार नई नगर कमेटी में कुल 17 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें चार नगर उपाध्यक्ष, दो नगर महामंत्री, चार नगर मंत्री, एक नगर संयोजक, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय मंत्री, दो मीडिया प्रभारी, एक आईटी संयोजक, एक लीगल सेल प्रभारी और एक सोशल मीडिया प्रभारी शामिल हैं। नई कमेटी में शैलेश प्रसाद, अंगद साव, अजय झा और दीपक पोद्दार को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप साव और रोहित दास को नगर महामंत्री, जबकि नितिन विश्वकर्मा, रीना कर, नीरज गुप्ता और रोहित लकड़ा को नगर मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। अनंत सयनम को नगर संयोजक, संजय राम तुरी को कोषाध्यक्ष और जगदीश निषाद को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में दीपक गुप्ता और भास्कर विश्वास को जिम्मेदारी दी गई है। दिनु पटनायक को आईटी संयोजक, अवधेश गोंड को लीगल सेल और हिमांशु पासवान को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची भी जारी की गई, जिसमें कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं। अंत में नगर अध्यक्ष ने कहा कि नई टीम के गठन से संगठन को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवक पर जानलेवा हमला मामले में चार हिरासत में

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के टेल्को थाना क्षेत्र स्थित थीम पार्क के पास मंगलवार देर रात क युवक पर हुए जानलेवा हमले से इलाके में दहशत फैल गई। इस हमले में 18 वर्षीय आदर्श सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श सिंह पर तीन युवकों ने घेरकर धारदार हथियार से हमला किया। हमलावरों ने चापड़ से उस पर कई वार किए, जिससे उसकी गर्दन और पीठ पर गहरी चोटें आईं। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें हमले की पूरी तस्वीर साफ देखी जा सकती है। घटना के समय एक युवती भी मौके पर मौजूद थी, जिससे आदर्श के संबंध होने की बात सामने आ रही है। शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि आदर्श युवती से एकतरफा प्रेम करता था और इसी बात को लेकर विवाद बढ़ता गया, जो अंततः हिंसक रूप में सामने आया। हमले के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को पहले टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे टीएमएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित सहित चार युवकों को हिरासत में ले लिया है। सभी से पूछताछ जारी है। सूत्रों के अनुसार युवती के कथित प्रेमी फारुक अयान पर हमले की साजिश रचने का शक जताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही टेल्को थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने ने बताया कि सभी संभावित पहलुओं प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश और साजिश को ध्यान में रखते हुए पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही मामले का पूरी तरह खुलासा किया जाएगा।

# झारखंड में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी, 27-28 मार्च को बारिश और वज्रपात का अलर्ट



**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। कहीं बारिश तो कहीं धूप की आंखमिचौली देखने को मिल रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान गर्जन के साथ बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 3 से 9 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के साथ तापमान में फिर बढ़ोतरी हो रही है। रांची में बारिश के दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया था, जो अब बढ़कर बुधवार को लगभग 31 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के अन्य जिलों में भी तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 14.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा, हालांकि दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर में अधिकतम 34.8 और न्यूनतम 23.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 23.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 19.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35 और न्यूनतम 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वज्रपात के दौरान खुले स्थानों में जाने से बचें और सतर्कता बरतें।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(लापता छोटू कुमार सिंह, उम्र– करीब 20 वर्ष)



गढ़वा थाना सनहा संख्या–26/26 दिनांक–18.03.2026 में लापता छोटू कुमार सिंह, उम्र–करीब 20 वर्ष, पिता–जगरनाथ सिंह, सा0–कितासोती कला, पो0–अन्नराज नवाडीह, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक जगरनाथ सिंह के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र छोटू कुमार सिंह दिनांक–09.03.2026 को शाम समय करीब–04:00 बजे घर से बाल कटवाने की बात बोलकर निकला परन्तु अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता छोटू कुमार सिंह का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–छोटू कुमार सिंह, रंग–गोरा, कद–05 फीट, बाल–काला,
पहनावा–ब्लू रंग का जिंस एवं उजला रंग का चेकदार सर्ट,
पैर में उजला रंग का चप्पल पहना हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 376058 Police(25-26)D



## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू
(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)
Phone No. 06562-224077,224033
E-mail- drdapalamu2019@gmail.com

### मनरेगा नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 955 दिनांक 08.12.2023 से विज्ञापन संख्या 01/2023 के द्वारा मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के पद पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु आमंत्रित विज्ञापन के विरूद्ध अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन में अंकित शैक्षणिक योग्यता एवं दक्षता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर तैयार चयनित अभ्यर्थियों की संशोधित सूची एवं संशोधित प्रतीक्षा सूची इस जिले के Official website - www.palamu.nic.in पर Upload किया गया है।

**प्रमाण पत्रों के सत्यापन निम्न रूप से किया जायेगा:–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | प्रमाण पत्र सत्यापन की तिथि एवं समय | प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु निर्धारित स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक | 28.03.2026 प्रातः 10:00 बजे से | पलामू जिले के नये समाहरणालय भवन अन्तर्गत ब्लॉक C के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष |

सभी चयनित अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों (प्रमाण पत्रों की दो छायाप्रति एवं दो फोटोग्राफ) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इस आशय का एक शपथ पत्र भी देना सुनिश्चित करेंगे कि **मेरे द्वारा दिये गये सभी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सही है तथा मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक मामला किसी भी थाने में दर्ज नहीं है। अगर किसी भी समय मेरा शपथ पत्र गलत पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।**

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 376041 (District)25-26*D


# तस्करी के लिए भेजे जा रहे 20 गौवंश बरामद

**खूंटी।** जिले के बेलांगी गांव में बुधवार को कथित रूप से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 20 गौवंशों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व बजरंग दल खूंटी के सह संयोजक कर्मवीर महतो ने किया। जानकारी के अनुसार, बेलांगी गांव के पास संदिग्ध परिस्थिति में बड़ी संख्या में गौवंश को भेजा जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही कर्मवीर महतो के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से सभी 20 गौवंश को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। हालांकि इस दौरान तस्कर भागने में सफल रहे। मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। इस दौरान कर्मवीर महतो के अलावा आर्य मिश्रा, निशांत कुमार, ओम ठाकुर, अभिषेक सिंह, प्रेम बारला और पवन राठौड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। बजरंग दल के सह संयोजक कर्मवीर महतो ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दे दी गई है।


## झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय:-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

### सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज, वाहन एवं अन्य उपस्कर पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुनवाई की तिथि 07.04.2026 को पूर्वाहन् 11:00 बजे गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा में निर्धारित की गई है। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ/वाहन/अन्य उपस्कर की विवरणी | अभियुक्त का नाम – पता |
|---|---|---|
| 08/2024 | (1) हिरो स्पलेंडर प्लस – JH03AK 9442, चेचिस नं0 NBLHAW174P4A09918, (2) स्कूटी हिरो डेस्टीनी 125 – CG14MR 7690, चेचिस नं0 MBLJFN075NGM02107, (3) मोबाईल– 01, मॉडल नं0 VIVO 1820, IMEI-868431044054292 एवं (4) साल चौपहल–03 पीस | 1. इम्तेयाज अहमद, पिता– स्व0 मजनु मंसूरी/ ससुर – स्व0 जाउद्दीन मंसूरी, ग्राम– बिराजपुर, थाना– रमकण्डा, जिला – गढ़वा। 2. संजय प्रसाद गुप्ता, पिता– महाबीर साव, ग्राम– रोदो, थाना– भण्डरिया, जिला– गढ़वा। 3. रविन्दर कुमार, पिता– हजारू मिंज, Near Thana– Pathalgoan, Patrapali Junapara, P.O.- Palidih, District- Jashpur, Pin Code- 496118 |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 376021 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail ID- dscogarhwa@gmail.com

### आम–सूचना

**राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषकों, कृषक समूहो एवं अन्य को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों को अनुदानित पर वितरण हेतु मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 79 दिनांक 05.03.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना अन्तर्गत जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखीमंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रेक्टर एवं इसके साथ कम से कम दो कृशि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रेक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख) रूपये ही देय होगा। मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृषकों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। **प्रकाशन कि तिथि से दिनांक 30.03.2026 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11 बजे से संध्या 5 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा** से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर पूर्ण रूपेण भरकर आवयश्क कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना** का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रेक्टर एवं सहायक कृशि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्राकर से होगी :–

| S. N. | Details of Machines | Package Cost | Target | Subsidy & Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 max PTO HP approved model tested by FMTTI, with standard tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. & 2 Agriculture implements | Rs. 10.0 Lakh | 54 (OSP) | -One Tractor with Minimum Two Implements from S.No. 02 to 12 have to be taken in tractor package. -Maximum Subsidy on tractor @50% & on Agriculture Implements @ 80% of quoted L-1 prices as per Eol, -Farmers Group Maximum Subsidy on tractor package will be Rs. 5.00 Lakh. |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | 45 (OSP) | Any farmer group having tractor and need extra Implement they can get subsidy @ 80% or Maximum Rs. 2.00 lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per Eol. |
| 03 | Cultivator (7-13 tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 disc) | | | |
| 05 | Ridger/Trencher/Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage drill/Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher/Maize Dehusker cum sheller (T.D.) | | | |
| 12 | MB Plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखीमंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी।

➢ विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता:–** भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा


भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 376022 Agriculture(25-26)#D

## संक्षिप्त समाचार

### शिवकृपानंद स्वामी जी की 'वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी' में प्रतिष्ठित नियुक्ति

गांधीनगर (गुजरात)। हिमालयन समर्पण ध्यानयोग के संस्थापक पूज्य श्री शिवकृपानंद



स्वामीजी को, वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन ने अपनी प्रतिष्ठित वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल किया है। यह नियुक्ति भारत की आध्यात्मिक परंपरा और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। पूज्य स्वामीजी के गहन आध्यात्मिक ज्ञान और मानवता के प्रति निरंतर सेवा को देखते हुए, वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमेटी और जंगटो सोसाइटी ने उन्हें दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित जंगटो सोशल एंड कल्चरल सेंटर में आयोजित सेकंड 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' फोरम में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। हिमालय में अनेक वर्षों की कठोर साधना से प्राप्त दिव्य ज्ञान को स्वामीजी, जिनका एक केंद्र गांधीनगर (गुजरात) के निकट महुडी रोड पर भी स्थित है, पिछले 31 वर्षों से समाज तक पहुंचा रहे हैं। विश्वभर में फैल रहे आज 72 देशों के साधक हिमालयन समर्पण ध्यान की साधना से आध्यात्मिक और सर्वांगीण प्रगति का अनुभव कर रहे हैं—जो उनके वैश्विक प्रभाव का सशक्त प्रमाण है।

### पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक छटा के बीच संपन्न हुआ रॉयल गणगौर महोत्सव आयोजन

**भोपाल।** राजधानी के गौर तरुण पुष्कर, रायसेन रोड पर द यूनिटी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित रॉयल गणगौर महोत्सव 2026 अपनी पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय परंपरा और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह की मुख्य अतिथि आदरणीय डॉ. नंदिता पाठक जी एवं आदरणीय नीजा बग्गा जी ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अतिथियों ने फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रिया शर्मा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का कार्य करते हैं। दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक चले इस महोत्सव में एक के बाद एक कई मनमोहक कार्यक्रम हुए। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और मंगल गीतों के साथ निकाली गई गणगौर सवारी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। म्यूजिकल टीम की एंट्री और शानदार परफॉर्मेंस के साथ ही महिलाओं ने सोलो और ग्रुप डांस ( पहला दौर और फाइनल ) के जरिए राजस्थानी और लोक संस्कृति की झलक पेश की।

### चेतक स्क्रीन अवार्ड्सः 24 नॉमिनेशंस के साथ धुरंधर सबसे आगे

**मुंबई, एजेंसी।** द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की स्क्रीन एकेडमी ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले चेतक स्क्रीन अवार्ड्स के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा। आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर धुरंधर 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की सैयारा ने 17 और नीरज घेवान की होमबाउंड ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई। ये नॉमिनेशंस थिएटर और ओटीटी, दोनों प्लेटफॉर्म्स की फिल्मों के लिए हैं, जो आज के भारतीय सिनेमा की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं।

# टीएमसी के पूर्व विधायक ने थामा भाजपा का दामन

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक अर्घ्य रॉय प्रधान और प्रमुख राजबंशी नेता बंशी बदन बर्मन ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्य की चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे हैं। मेखलीगंज से पूर्व टीएमसी विधायक अर्घ्य रॉय प्रधान और ग्रेटर कूचबिहार आंदोलन से जुड़े रहे बंशी बदन बर्मन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।



अर्घ्य रॉय प्रधान ने टीएमसी छोड़ने का कारण बताते हुए कहा, 'मैं अब एक भ्रष्ट पार्टी के साथ खड़ा नहीं रह सकता। मैं अपने क्षेत्र के लोगों का सामना करने की स्थिति में नहीं था।' गौरतलब है कि अर्घ्य के पिता अमर रॉय प्रधान कूचबिहार से आठ बार सांसद रह चुके हैं और अर्घ्य खुद भी तूफ़ानगंज और मेखलीगंज का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राजबंशी नेता बंशी बदन बर्मन के भाजपा में आने से उत्तर बंगाल के समीकरण बदल सकते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बर्मन ने केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और उत्तर बंगाल के विकास के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। बर्मन ने अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुए कहा, 'मैंने केंद्रीय नेतृत्व से कहा है कि हमारी राजबंशी भाषा को मान्यता मिलनी चाहिए और हमारे अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। मैं पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने के लिए आया हूँ।' भाजपा में शामिल होने का यह सिलसिला केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। सोमवार को कोलकाता नगर निगम में कांग्रेस के एकमात्र पार्षद संतोष पाठक ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। एक के बाद एक विपक्षी नेताओं का भाजपा में शामिल होना राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के लिए एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का कोलकाता दौरा बंगाल चुनावों के लिए पार्टी की गंभीरता को दर्शाता है। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे पार्टी के सांगठनिक ढांचे की समीक्षा करेंगे और आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि 'उत्तर बंगाल' और 'राजबंशी वोट बैंक' पर पकड़ मजबूत करना भाजपा की इस रणनीति का अहम हिस्सा है।

### गुरुग्राम में बुलडोजर ऐक्शन, 2 गांवो में पनप रहीं अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गुरुग्राम के दो गांवों में अवैध रूप से पनप रही दो कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। विभाग ने लोगों से अपील की कि अवैध रूप से पनप रही कॉलोनियों में अपनी जिंदगी की जमापूंजी नहीं लगाएं। ये कॉलोनियां कभी भी तोड़ी जा सकती हैं। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने मंगलवार को गुरुग्राम–सोहना हाईवे स्थित गांव भोंडसी और गांव रिठौज में अवैध रूप से पनप रही दो कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। डीटीपीई अमित मधोलिया के निर्देश पर एक तोड़फोड़ दस्ता सुबह साढ़े 11 बजे गांव भोंडसी में पहुंच गया। इस गांव में करीब दो एकड़ में अवैध रूप से एक नई कॉलोनियां काटी जा रही थी। आठ मकानों के निर्माण को लेकर डीपीसी और चारदीवारी डाली गई थी। तोड़फोड़ दस्ते ने इन अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर मलबे में मिला दिया। इसके बाद अवैध रूप से निर्मित सड़कों को उखाड़ दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव रिठौज में पहुंच गया। इस गांव में करीब डेढ़ एकड़ में कॉलोनी काटी जा रही थी।

# अजित पवार की मौत को लेकर बेंगलुरु में दर्ज हुई जीरो एफआईआर

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती में विमान दुर्घटना में हुई मौत के संबंध में उनके भतीजे रोहित पवार की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया है। रोहित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि यह हादसा उनके चाचा को खत्म करने की एक बड़ी आपराधिक साजिश का नतीजा थी। महाराष्ट्र के पुणे स्थित बारामती हवाई अड्डे के पास 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से संचालित बॉम्बार्डियर लेयरजेट 45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पवार की मृत्यु हो गई। विमान मुंबई से बारामती जा रहा था और उसमें अजित पवार व चार अन्य लोग सवार थे, जिनकी इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

शिकायत के आधार पर, हाई ग्राउंड्स पुलिस ने जीरो स्न्ढ्ढक्र दर्ज की, जिसे किसी भी पुलिस थाने में दर्ज किया जा सकता है, चाहे अपराध कहीं भी हुआ हो। पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया, 'हमने जीरो एफआईआर दर्ज करके जांच के लिए इसे महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया है।' रोहित पवार ने बताया कि उन्होंने इससे पहले 25 फरवरी को मरीन ड्राइव पुलिस थाना और 26 फरवरी को बारामती पुलिस थाने को शिकायत दी थी, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बाद में पुणे सीआईडी ??ने उन्हें बताया कि वे केवल दुर्घटनावश मृत्यु के पहलू की जांच कर रहे हैं।

**क्या लगाए गए हैं आरोप:** शिकायत में लिखा है, 'शिकायतकर्ता का कहना है कि यह घटना उपमुख्यमंत्री को खत्म करने के उद्देश्य से रची गई एक बड़ी आपराधिक साजिश का नतीजा थी।' रोहित पवार ने दावा किया कि विमानन सुरक्षा नियमों का व्यवस्थित उल्लंघन, अभिलेखों में जानबूझकर



हेराफेरी, रखरखाव और संचालन में घोर लापरवाही और आचरण का एक ऐसा स्वरूप था, जिसके कारण यह घटना घटी। उनके अनुसार, 24 फरवरी को नागर विमानन महानिदेशालय (ष्ठत्रष्ट) ने अपनी सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट में 'घोषित और स्वीकार किया' कि वीएसआर कंपनी का विमान हवाई उड़ान के लिए सुरक्षित नहीं था। इसलिए चार्टर विमान दुर्घटना की डीजीसीए जांच के तहत विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि विमान वीटी-एसएसके को अनिवार्य सुरक्षा मानकों का व्यवस्थित उल्लंघन करते हुए संचालित किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटना के समय, विमान लगभग 4,915 उड़ान घंटे पूरे कर चुका था और अनिवार्य इंजन ओवरहाल सीमा 5,000 घंटे तक पहुंचने में केवल लगभग 85 घंटे शेष थे। रोहित पवार ने कहा, 'इस सीमा के खतरनाक रूप से करीब संचालन के बावजूद, वीएसआर ने विमान को वाणिज्यिक संचालन के लिए तैनात करना जारी रखा, जिससे चालक दल और यात्रियों को यांत्रिक खराबी का अत्यधिक खतरा बना रहा।' उन्हें संदेह था कि विमान ने वास्तव में 8,000 घंटे से अधिक उड़ान भरी होगी, जो उसकी प्रमाणित सुरक्षित परिचालन सीमा से कहीं अधिक है।

रोहित पवार ने कहा, 'उड़ान डेटा को जानबूझकर छिपाना और गलत तरीके से प्रस्तुत करना वैधानिक रखरखाव अभिलेखों में हेराफेरी के बराबर है। विमानन सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन है, जैसा कि शिकायत में उल्लिखित किया गया है।' उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के फर्जीवाड़े ने एक असुरक्षित विमान के वाणिज्यिक संचालन को जारी रखने की इजाजत दी।

### उत्तराखंड के बाद गुजरात ऐसा करने वाला दूसरा राज्य

# गुजरात विधानसभा में यूसीसी बिल पास; शादी, लिव-इन के लिए समान कानून

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात सरकार ने विधानसभा से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल 2026 पास हो गया है। इस विधेयक का मकसद शादी, तलाक और विरासत जैसे विषयों के लिए सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून की व्यवस्था करना है। उत्तराखंड के बाद गुजरात ऐसा करने वाला दूसरा राज्य बनेगा। यह कानून राज्य के निवासियों और बाहर रह रहे गुजरातियों पर लागू होगा लेकिन अनुसूचित जनजातियों को इससे बाहर रखा गया है। बिल की मुख्य बातों में बहुविवाह पर रोक और लिव-इन संबंधों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन शामिल है।

यूसीसी वाला दूसरा राज्य होगा गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को गुजरात समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 विधानसभा में पेश किया। इस विधेयक विधानसभा से पारित होने के साथ ही गुजरात, उत्तराखंड के बाद समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। उत्तराखंड ने फरवरी 2024 में यूसीसी विधेयक पारित किया था। गुजरात सरकार की ओर से नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति ने यूसीसी के क्रियान्वयन पर एक हफ्ते पहले



अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। 'गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026' नामक यह प्रस्तावित कानून पूरे राज्य में लागू होगा। यही नहीं गुजरात की सीमा से बाहर रहने वाले राज्य के निवासियों पर भी यह कानून प्रभावी होगा। यह प्रस्तावित कानून अनुसूचित जनजातियों और कुछ ऐसे समूहों पर लागू नहीं होगा जिनके पारंपरिक अधिकार संविधान के तहत संरक्षित हैं। विधेयक का मकसद राज्य में समान कानूनी ढांचा तैयार करना है। इस विधेयक में लिव-इन के रजिस्ट्रेशन और औपचारिक घोषणा के माध्यम से उनके समापन का प्रावधान किया गया है। यह बिल एक से अधिक शादियां करने पर भी रोक लगाता है। इस विधेयक के मुताबिक, इस कोड के तहत शादी तभी मान्य मानी जाएगी जब शादी के समय दोनों में से किसी भी पक्ष का कोई जीवित जीवनसाथी ना हो। इस विधेयक का सड़कों पर विरोध भी शुरू हो गया है। यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल के विरोध में अहमदाबाद के लाल दरवाजे पर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया। इस कानून के विरोध में एआईएमआईएम भी है।

# सीएम फडणवीस ने उद्धव ठाकरे की सराहना की, दिया भावुक विदाई भाषण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य के रूप में उद्धव ठाकरे का कार्यकाल अब समाप्त होने वाला है। इस मौके पर मंगलवार को विधान परिषद में उनके सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे की सराहना करते हुए एक भावुक विदाई भाषण दिया। फडणवीस ने उन्हें प्रदेश के सबसे लोकप्रिय फोटोग्राफरों में से एक बताया और कहा कि ठाकरे ने वारी तीर्थयात्रा की तस्वीरें खींचते समय हेलीकॉप्टर का दरवाजा बीच हवा में खोलकर फोटो ली थी। फडणवीस ने कहा कि वारी की तस्वीरें खींचते समय उद्धव ठाकरे हेलीकॉप्टर में गए, दरवाजा खोला और तस्वीर खींची। उन्होंने आगे कहा कि ठाकरे की तस्वीरों में संवेदनशीलता झलकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकरे का मूल स्वभाव किसी राजनेता जैसा नहीं था। उन्होंने इसे शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के दृढ़ निश्चय से जोड़ते हुए कहा कि एक बार फैसला लेने के बाद उसे पूरा करके ही छोड़ते थे। उद्धव ठाकरे ने फडणवीस के बयानों का खंडन नहीं किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी सही कहते हैं कि मैं राजनीतिज्ञ नहीं हूं, क्योंकि दिल से मैं एक कलाकार हूं। उन्होंने समय निकालने के लिए फडणवीस का आभार जताते हुए हाथ जोड़े।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे फडणवीस के साथ ही बैठे थे। ठाकरे के पूर्व करीबी रहे शिंदे ने 2022 में दल-बदल कर महा विकास अघाड़ी सरकार गिरा दी थी, जिससे उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के साथ-साथ शिवसेना की विरासत से भी वंचित हो गए थे। शिंदे ने कहा कि उद्धव ठाकरे साहब आज इस सदन से विदा हो रहे हैं। मैं उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करता हूं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



उपमुख्यमंत्री को जवाब देते हुए उद्धव ठाकरे ने शिंदे का नाम तो नहीं लिया, लेकिन शिंदे जिस बेंच पर बैठे थे, उस ओर देखते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आप मुझे इतनी अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि ऐसी कौन सी बात थी कि और का हाथ पकड़ना पड़ा। ठाकरे के इस बयान को 2022 के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संदर्भ में देखा, जब शिंदे के भाजपा के साथ गठबंधन करने के बाद ठाकरे की सरकार गिर गई थी।

औपचारिक कार्यवाही के बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी के अन्य विधायकों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। लगभग 10 मिनट तक बंद कमरे में चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि ठाकरे ने विधायकों को विकास कार्यों के लिए फंड न मिलने का मुद्दा उठाया। अन्य विधायकों ने भी सीधे फडणवीस को अपनी शिकायतें बताईं और अपने क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं में आ रही बाधाओं का विस्तार से ब्योरा दिया।

# एआईएएमडीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** एआईएएमडीके ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। चेन्नई में पूर्व मुख्यमंत्री और एआईएडीएमके महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी की ओर से जारी इस घोषणापत्र में कुल 297 वादे शामिल हैं। पार्टी ने इसे वर्तमान डीएमके सरकार की प्रशासनिक अक्षमता के खिलाफ जनता की पीड़ा को दूर करने का दस्तावेज बताया है। एआईएडीएमके का दावा है कि पिछले 5 वर्षों में जरूरी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। संपत्ति कर, घर कर, बिजली दर और पानी शुल्क में भारी वृद्धि हुई है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

घोषणपत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और आम जनता को राहत पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया है। सबसे चर्चित योजना विलक्कू स्कीम है। इसके तहत हर राशन कार्डधारक परिवार की महिला मुखिया के बैंक खाते में हर महीने 2000 रुपये की सहायता राशि सीधे जमा की जाएगी। इससे समाज में आर्थिक संतुलन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा हर परिवार को टैक्स के बोझ और महंगाई से निपटने के लिए 10,000 रुपये की विशेष सहायता दी जाएगी।

पार्टी ने महिलाओं के लिए पहले से चल रही फ्री बस सेवा को आगे बढ़ाते हुए अब पुरुषों को भी फ्री बस यात्रा की सुविधा देने का वादा किया है। यह कदम आम आदमी, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है। राशन कार्डधारकों के लिए कई अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी घोषित की गई हैं। हर राशन कार्ड पर चावल के साथ दालें मुफ्त दी जाएंगी। साथ ही राशन कार्डधारकों को मुफ्त फ्रिज वितरित किए जाएंगे। खाना पकाने के लिए हर राशन कार्डधारक को

### पुरुषों को भी फ्री बस यात्रा की सुविधा



साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त प्रदान किए जाएंगे।

इन योजनाओं का उद्देश्य गरीब परिवारों को दैनिक जरूरतों में राहत पहुंचाना और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। एआईएएमडीके ने डीएमके सरकार पर महंगाई और कर वृद्धि का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। एआईएडीएमके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है। सीट बंटवारे के तहत एआईएडीएमके गठबंधन 170 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगा, जबकि भाजपा को 27, पीएमके को 18 और अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कड़गम को 11 सीटें मिली हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 23 अप्रैल 2026 को एक चरण में होंगे और मतगणना 4 मई को होगी।

# आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिवपुरी, एजेंसी।** रेप केस में अदालत से भगोड़े घोषित पटियाला के सनौर से आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार देर रात उन्हें मध्य प्रदेश के ग्वालियर के शिवपुरी एरिया से इनके 3 साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। पठानमाजरा के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी। इसकी सुनवाई आज यानी 25 मार्च को होनी थी। इसी के लिए वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर दिल्ली आ रहे थे। पठानमाजरा के लिए पहले ही लुक आउट नोटिस जारी था। जैसे ही उन्हें देखा गया तो शिवपुरी इलाके से पकड़ लिया।



पठानमाजरा रेप केस दर्ज होने के बाद कहां छिपे रहे, ये अब तक एक पहेली है। ऐसी सूचनाएं आती रही कि वह ऑस्ट्रेलिया भाग गए थे। वह बार-बार लाइव होकर सरकार के खिलाफ बोलते रहे। फरारी के दौरान पठानमाजरा ने इंटरनेट मीडिया पर लगातार वीडियो पोस्ट किए ताकि ऐसा लगे कि वे विदेश में हैं। हालांकि, पुलिस की तकनीकी जांच और गुप्त सूचनाओं ने उनकी लोकेशन मध्यप्रदेश में ट्रेस कर ली।

एसएसपी वरुण शर्मा के अनुसार पटियाला पुलिस की विशेष टीम ने पीछा करते हुए ग्वालियर के शिवपुरी से उन्हें काबू किया। अब उन्हें पटियाला लाया जा रहा है, जहां उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की पूछताछ की जाएगी। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि हमारी 5 से 6 टीमें इन्हें काबू करने में जुटी थीं। दो दिन के लंबे ऑपरेशन के बाद कामयाबी मिली है। 1 सितंबर, 2025 को पठानमाजरा के खिलाफ बलात्कार, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के आरोप में केस दर्ज हुआ था। जीरकपुर की एक महिला ने शिकायत में कहा कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताकर उससे संबंध बनाए और 2021 में शादी की, जबकि वे पहले से शादीशुदा थे। महिला ने आरोप लगाया कि विधायक ने उसका यौन शोषण किया, धमकियां दीं और अश्लील सामग्री भेजी थी। पठानमाजरा दो सितंबर से फरार थे। पंजाब पुलिस ने विधायक हरमीत को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। स्थानीय थाने ले जाते समय विधायक पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश कर विधायक स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में भागे तो पुलिस ने फॉर्च्यूनर को पकड़ लिया, लेकिन पठानमाजरा स्कॉर्पियो में फरार हो गए थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सत्ताधारी दलों की रणनीति और मतदाता सूची की उलझन, चुनावों के पहले बड़े दांव

निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके समांतर यह बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होना बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले। गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो चरण और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर कई बार राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर देते हैं। अब तक इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं हुआ है। ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। इसमें सत्ताधारी दल को ऐसी घोषणा करने और तुरंत अमल करने का बेहतर मौका मिलता है।असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान योजनाओं के जरिए भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला। हालांकि कई स्थानीय मुद्दों और विवादों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है।इन चुनावों में सबसे अहम मुद्दा यह उभरा है कि कई जगहों पर मतदाता सूची का काम अभी अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंचा है। क्या बहुत सारे लोग भी वोट देने से वंचित रह जाएंगे।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता- नई शर्तों के इंतजार में टला हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच पिछले महीने जिस अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी थी, उसे लेकर कई तरह की दुविधाएं थीं और कुछ शर्तें पहले ही सवालों के घेरे में थीं। अमेरिका की ओर से जिस ढांचे में शुल्क दरें तय करने की बात कही गई थी, उसे भारत के लिहाज से घाटे का सौदा माना जा रहा था।एक तरह से तभी इस बात की आशंका बन रही थी कि भारत इस मसले पर अमेरिका से पुनर्विचार करने को कह सकता है। मगर कई बार वैश्विक समीकरण इस तरह काम करते हैं कि दोनों पक्षों को मौजूदा तकाजों के मुताबिक फैसला लेना होता है। शायद यही वजह है कि उस समय अमेरिका की ओर से शुल्क दर घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया था और भारत ने उस पर सहमति जताई थी।मगर अब भारत सरकार की ओर से यह साफ कहा गया है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता तभी आगे बढ़ेगा या उस पर हस्ताक्षर होंगे, जब नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर इसी महीने हस्ताक्षर होने थे, लेकिन चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुरानी शुल्क दरों को अमान्य करार दे दिया गया, इसलिए अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को वैश्विक व्यापार के लिए नया ढांचा तैयार करने की जरूरत पड़ रही है।इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी व्यापार समझौते में शामिल देश तभी सहमत होते हैं, जब उन्हें विश्व बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं या लाभ मिलें। मगर पिछले महीने अमेरिका के साथ जिन परिस्थितियों में व्यापार समझौते पर बात आगे बढ़ी थी, उसे भारत के लिहाज से अनुकूल नहीं कहा जा सकता था। खासतौर पर शुल्क दरें तय किए जाने की कसौटी चूंकि समान नहीं थी, इसलिए आने वाले वक्त में इस मसले पर संतुलन बनाने की मांग उठने की पूरी संभावना थी।इसके अलावा, खुद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के शुल्क दरों के ढांचे को कठघरे में खड़ा कर दिया।

*भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देशों में इसका प्रभाव और अधिक तीव्र रूप में दिखाई देता है। शोध बताते हैं कि जलवायु संकट के कारण अत्यधिक तापमान वाली घटनाओं की संख्या और अवधि दोनों बढ़ रही हैं। इससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है, तो शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है।*

## दिल्ली से मुंबई तक तपता भारत- क्या यह कुदरत की आखिरी चेतावनी है?

**(देवेंद्रराज कुमार)**

देश में बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम संबंधी घटना नहीं रह गई है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक गंभीर राष्ट्रीय मुद्दा बनती जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2026 में गर्म मौसम की चेतावनी दी है। उसने कहा है कि मार्च से मई के बीच देश के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहेगा। अधिक तापमान वाले दिनों की संख्या बढ़ सकती है। यह चेतावनी इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत पहले से ही दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां अत्यधिक तापमान और गर्मी का प्रभाव बड़ी आबादी पर पड़ता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि गर्मी का मौसम पहले शुरू हो रहा है और यह लंबे समय तक बना रहता है। उदाहरण के लिए मार्च 2026 के पहले सप्ताह में ही दिल्ली में तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से लगभग सात डिग्री अधिक था। पिछले पंद्रह वर्षों में मार्च के शुरुआती सप्ताह में इतना अधिक तापमान पहली बार महसूस किया गया। यह केवल एक शहर तक सीमित नहीं था, बल्कि देश के कई हिस्सों में इसी तरह की स्थिति देखी गई। पिछले कई दशक के आंकड़े बताते हैं कि भारत का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। यह वृद्धि लगभग 0.15 डिग्री सेल्सियस प्रति दशक की दर से दर्ज की गई है। जब तापमान में ऐसी निरंतर वृद्धि होती है, तो इसका सीधा प्रभाव तापमान की आवृत्ति और तीव्रता पर पड़ता है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में भारत में गर्मी और लू की लहरें अधिक लंबी और खतरनाक हो सकती हैं। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनी केवल मौसम का अनुमान नहीं है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक चेतावनी है कि जलवायु संकट की चुनौती अब स्पष्ट रूप से हमारे सामने है। पिछले कुछ वर्षों में तापमान की आवृत्ति और तीव्रता दोनों ही बढ़ी हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में अक्सर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है। इस साल मार्च के दौरान मुंबई में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से लगभग छह डिग्री अधिक था और इस कारण मौसम विभाग को चेतावनी जारी करनी पड़ी। इसी प्रकार पुणे में भी तापमान 38.5 डिग्री तक पहुंच गया और कई जिलों में तापमान चालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। यह स्पष्ट संकेत है कि गर्मी की शुरुआत पहले हो रही है और इसका विस्तार अधिक व्यापक हो रहा है। यह केवल तापमान की वृद्धि नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन, कृषि, जल संसाधन और ऊर्जा प्रणाली पर व्यापक प्रभाव डालती है। अत्यधिक गर्मी के कारण खेतों में नमी कम हो जाती है, फसलें प्रभावित होती हैं। जल स्रोत सूखने लगते हैं। इसके अलावा बिजली की मांग बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद से लगातार बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक प्रदूषण और वनों की कटाई है। जब वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ती है, तो पृथ्वी की सतह पर अधिक गर्मी बनी रहती है, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देशों में इसका प्रभाव और अधिक तीव्र रूप में दिखाई देता है। शोध बताते हैं कि जलवायु संकट के कारण अत्यधिक तापमान वाली घटनाओं की संख्या और अवधि दोनों बढ़ रही हैं। इससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है, तो शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिससे निर्जलीकरण, लू लगने और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं। भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण भी अत्यधिक तापमान की समस्या को गंभीर बना रहा है। शहरों में विकास कार्यों के दौरान बड़ी मात्रा में कंक्रीट, डामर और धातु जैसी सामग्री का उपयोग होता है जो सूर्य की गर्मी को अधिक अवशोषित करती हैं और लंबे समय तक उसे रोक कर रखती हैं। इस कारण शहरों में तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक हो जाता है। जब शहरों में पेड़ों और हरित क्षेत्रों की संख्या कम होती है, तो यह प्रभाव और भी बढ़ जाता है। कई बड़े शहरों में ऊंची इमारतों के कारण हवा का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे गर्मी अधिक महसूस होती है। जब शहरों में हरित क्षेत्र कम होते हैं, तो प्राकृतिक शीतलन प्रक्रिया कमजोर हो जाती है और वातावरण में बनी गर्मी रात में भी पूरी तरह कम नहीं हो पाती। इसलिए शहरी नियोजन में हरित क्षेत्रों का संरक्षण और विस्तार अत्यंत आवश्यक है। अत्यधिक तापमान का सबसे गंभीर प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है। शरीर में पानी की कमी हो जाती है। रक्तचाप तथा हृदय गति पर भी प्रभाव पड़ता है। लू लगने जैसी स्थिति बढ़ जाती है जो कई बार जानलेवा साबित होती है। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और पहले से बीमार लोग विशेष रूप से अधिक जोखिम में होते हैं। भारत में बड़ी संख्या में लोग खुले वातावरण में काम करते हैं, जैसे किसान, निर्माण श्रमिक और फुटकर विक्रेता। उन्हें अत्यधिक गर्मी का सीधा सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए, तो अत्यधिक तापमान और लू सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकते हैं। इसलिए सरकार और समाज दोनों को मिल कर इसके प्रभाव को कम करने के उपाय अपनाने होंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी। गर्मी का प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह कृषि और खाद्य सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है और वर्षा नहीं होती, तो मिट्टी की नमी कम हो जाती है और फसलें प्रभावित होती हैं। गेहूं, चावल और दालों जैसी प्रमुख फसलें तापमान के प्रति संवेदनशील होती हैं। यदि फसलों के विकास के समय तापमान अत्यधिक बढ़ जाए, तो पैदावार कम हो सकती है। भारत जैसे देश में जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसके अलावा पशुधन पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, जल संसाधनों पर भी इसका दबाव बढ़ता है, क्योंकि गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ जाती है। कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर पहले से ही गिर रहा है। इसलिए सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और समाज मिल कर जलवायु अनुकूल विकास की दिशा में काम करें। हरित ऊर्जा का उपयोग, वनों का संरक्षण, जल संसाधनों का सतत प्रबंधन और शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों को बढ़ावा इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। लोगों को भी अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाना होगा। साथ ही उन्हें ऊर्जा की भी बचत करनी होगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना होगा।

## 9 साल में बदली तस्वीर- कैसे सुस्त अर्थव्यवस्था से उभरकर विकास का इंजन बना यूपी

**(अमिताफ सत्यम)**

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता है, और सरकार ने इसे निवेश में भी बदला है।उत्तर प्रदेश, जिसे कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाता था, आज निवेश के नक्शे पर एक निर्णायक बदलाव का उदाहरण बन चुका है। बीते 9 वर्षों में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने न केवल अपनी छवि बदली है, बल्कि नीति, नियत और निष्पादन के त्रिकोण पर खरा उतरते हुए खुद को एक 'ड्रीम डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित किया है। ?50 लाख करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव, 1 करोड़ से ज्यादा रोजगार की संभावनाएं, और तेजी से धरातल पर उतरती परियोजनाएं इस परिवर्तन की गवाही देती हैं। जाहिर है, यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि सुविचारित नीतियों, मजबूत कानून-व्यवस्था और निवेशक-अनुकूल माहौल के निरंतर निर्माण का परिणाम है। कानून-व्यवस्था ने बढ़ाया निवेश का विश्वास किसी भी राज्य में निवेश का पहला आधार होता है - सुरक्षा और स्थिरता। उत्तर प्रदेश ने इस मूलभूत सत्य को समझा और उस पर काम किया। बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था में सुधार ने निवेशकों के मन से सबसे बड़ा डर खत्म किया। जब उद्योगपति यह महसूस करते हैं कि उनका निवेश सुरक्षित है, तो पूंजी स्वतः आकर्षित होती है। यही कारण है कि आज यूपी उन राज्यों में शामिल है जहां निवेशक केवल अवसर ही नहीं, बल्कि भरोसा भी देखते हैं। नीतिगत सुधार और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' योगी सरकार ने निवेश के रास्ते में आने वाली प्रशासनिक जटिलताओं को कम करने पर विशेष जोर दिया। सिंगल विंडो सिस्टम, सेक्टोरल नीतियों का विस्तार और 99 प्रतिशत छोटे आपराधिक प्रावधानों को समाप्त करना - ये कदम केवल कागजी सुधार नहीं थे, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाले निर्णय साबित हुए। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रैंकिंग में सुधार इस बात का प्रमाण है कि राज्य ने निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया। निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारना बना बदलाव का असली पैमाना अक्सर राज्यों में बड़े-बड़े निवेश समझौते होते हैं, लेकिन वे फाइलों से बाहर नहीं निकलते। उत्तर प्रदेश ने इस मिथक को तोड़ा है। पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश को धरातल पर उतारना और लाखों रोजगार के अवसर सृजित करना बताता है कि यहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि क्रियान्वयन होता है। यही वह बिंदु है जहां यूपी अन्य राज्यों से अलग खड़ा नजर आता है। सेक्टोरल विविधता - हर क्षेत्र में निवेश का विस्तार उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता है, और सरकार ने इसे निवेश में भी बदला है। इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा सेंटर, आईटी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण - लगभग हर क्षेत्र में निवेश आकर्षित हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति के तहत हजारों करोड़ का निवेश और बड़े स्तर का उत्पादन यह दिखाता है कि यूपी केवल पारंपरिक उद्योगों तक सीमित नहीं है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6042

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6041

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 6042

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 |
| | ■ | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1877 को पैदा हुए थे ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री (7)
7. जलपक्षी, जलाशयों के समीप रहने वाले पक्षी (4)
8. निशान, चिन्ह, परीक्षा में प्राप्त अंक (2)
9. निर्णीत, ठहराया या निश्चित किया हुआ (2)
10. र वर्ण बोधक अक्षर (3)
14. एक प्रकार का सत जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधवों ने दुहा था (2)
15. परिचर्या, खिदमत, सेवा-सुश्रुषा (3)
17. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, गायन (2)
18. यह क्षेत्र कोयल खनन के लिए प्रसिद्ध है (4)
20. तमाशा देखने वाला व्यक्ति (4)
22. डाला जाना, छोड़ा जाना (3)
24. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
25. अशुचि, पवित्र, पुनीत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. घुलना, विलय होना, समा जाना (3)
3. समुद्र में उत्पन्न एक जंतु का खोल, समुद्री घों जिसे हिंदू धर्म के लोग पवित्र मानते है (2)
4. किनारे पर, समीप, मेड, कारनिस (3)
5. संख्या, हिसाब, लेखा, गिनती (3)
6. लिपिक, हिसाब-किताब एवं पत्राचार करने वाला कर्मचारी, बाबू (2)
11. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
12. तपस्या, तप, पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
13. एक प्राचीन शस्त्र, कंटका, विकट पीड़ा (2)
14. प्रकाश झा निर्देशित बनी अजय देवगन द्वारा अभिनीत एक प्रसिद्ध सफल फिल्म (4)
16. पवनपुत्र, केसरी नंदन (4)
18. यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, एक प्रकार की छोटी सरसों (2)
19. नेपाल और बिहार में बहने वाली एक नदी (3)
20. शरीर, देह, काया (2)
21. हर्षित, खुशी, प्रसन्न (2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 6041 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | स | र | ह | द |
| म | ■ | नू | ■ | गा | इ | ड | ■ |
| ती | ज | न | बा | ई | ■ | स | पा |
| ■ | ल | ब | ■ | ■ | मा | न | व |
| गो | द | ना | ■ | स | ही | ■ | र |
| दा | ■ | ना | दा | न | ■ | म | हा |
| व | ■ | ■ | गी | ■ | भा | ■ | उ |
| री | ड | र | ■ | दे | व | दा | स |

## आज का राशिफल

### मेष
आज काम की वजह से तनाव हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा के दौरान कीमती सामान ले जाने से बचें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आँखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती है।

### वृष
आय के नये स्रोत विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाजी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लें। बिना माँगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

### कर्क
अपने खानपान की आदतों में सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमीजन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाजी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें। मन की चंचलता परेशान करेगी।

### सिंह
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर नियन्त्रण रखें। आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की सम्भावना है।

### मिथुन
अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। समय व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च करेंगे। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है।

### कन्या
कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दूसरों के भरोसे जरूरी काम न छोड़ें।

### तुला
पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

### वृश्चिक
विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना सम्बन्ध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके सम्पर्क विकसित होंगे।

### मकर
कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आप अनावश्यक समय बर्बाद न करें। प्रेमीजन से बहसबाजी न करें। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है। रक्तचाप के रोगी स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कुंभ
अपने प्रयासों में कमी न होने दें। इसके कारण मन में हीनता की भावना आ सकती है। आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियाँ उत्पन्न होंगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है।

### धनु
अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे अत्यधिक आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार आरम्भ करने के लिये दिन उत्तम है। गलत लोगों की संगत से बचें। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

### मीन
घरेलू मामलों को लेकर अत्यधिक व्यस्त रहेगे। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे, लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। अनुसन्धान सम्बन्धी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा का इंडिया टीम में चयन



## ● साउथ अफ्रीका में टी-20 सीरीज खेलेंगी; सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा की एंट्री अब भारतीय महिला टी-20 क्रिकेट टीम में हो गई है। वह भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुनी गई हैं। अनुष्का पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल हुई हैं और पहली बार टीम के साथ विदेश दौरा भी करेंगी।

अनुष्का फिलहाल इंडिया ए के लिए खेल रही हैं और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भी वह गुजरात जायंट्स के लिए चुनी जा चुकी हैं। ग्वालियर में मंगलवार को एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका सम्मान किया। इसके बाद वह भिंड में अपनी बुआ के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गईं। सीनियर टीम में चयन के बाद ग्वालियर में उनके परिवार और शहर में खुशी का माहौल है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ग्वालियर के पत्रकार बृजमोहन शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा का चयन हुआ है। अनुष्का एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और इंडिया ए व डब्ल्यूपीएल में अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके चयन से पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

मंगलवार को दतिया में कार्यक्रम के लिए सीएम ग्वालियर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर ही ग्वालियर की होनहार खिलाड़ी अनुष्का शर्मा से मुलाकात कर उनको बधाई देते हुए स्वागत किया। इस दौरान वहां अनुष्का के पिता बृजमोहन शर्मा अन्य परिजन मौजूद रहे। कलेक्टर ग्वालियर रूचिका चौहान ने भी अनुष्का से बातचीत कर उनकी तारीफ की है।

### वुमेन प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए मचा चुकी धमाल

डब्ल्यूपीएल यानि वूमेन प्रीमियर लीग में ग्वालियर की अनुष्का शर्मा ने धमाल मचाया है। पहले वह मध्य प्रदेश सीनियर टीम के लिए खेल रही थीं, इसके बाद उनका चयन गुजरात जायंट्स (जीजी) ने 45 लाख रुपए में किया। अनुष्का गुजरात जायंट्स के लिए खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुकी हैं। ग्वालियर की वह पहली खिलाड़ी हैं, जो डब्ल्यूपीएल में खेल रही हैं। अब भारतीय राष्ट्रीय टीम में चयन के बाद उनके दोस्तों, परिवार और साथी खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। खुद अनुष्का का कहना है कि उन्हें इस चयन की उम्मीद थी, क्योंकि वह लगातार मैदान पर मेहनत कर रही थीं।

# कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे

## पूजा-दर्शन करके 56 भोग अर्पित किए; शादी के बाद पहली बार वृंदावन आए

**मथुरा (एजेंसी)।** क्रिकेटर कुलदीप यादव ने पत्नी वंशिका के साथ वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। वे मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने देहरी (चौखट) पर इत्र लगाकर सेवा की। भगवान को 56 भोग अर्पित किए। शादी के बाद दोनों पहली बार मथुरा पहुंचे थे।



कुलदीप इतनी गुपचुप तरीके से वृंदावन पहुंचे कि किसी को इसकी भनक तक नहीं हुई। फोटो-वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई। दोनों करीब 25 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान मंदिर के गार्ड उन्हें घेरकर खड़े रहे। मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुलदीप के परिवार ने उनके आने की जानकारी दी थी। भीड़भाड़ से बचने के लिए इसे गोपनीय रखने को कहा था। मंदिर पहुंचने पर मैंने और नितिन सांवरिया ने पूजा-अर्चना कराई। इत्र देकर चौखट की पूजा करवाई। भगवान की प्रसादी माला भेंट की। करीब एक घंटे वृंदावन में रहने के बाद दोनों दिल्ली रवाना हो गए। गर्भ गृह के पास चंदन कोठरी पर पहुंचे कुलदीप और वंशिका को सेवायत लवेश गोस्वामी ने भगवान की प्रसादी माला पहनाई।पूजा के बाद पुजारी ने प्रसाद के रूप में कुलदीप को वॉल हैंगिंग और वंशिका को मोर पंनख लगी बांसुरी भेंट की।

### 14 मार्च को मसूरी में हुई थी शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को मसूरी में शादी की थी। शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहुंचे थे। 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी हुई थी। सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद दिया था।

# इस साल होगा आईपीएल का सबसे बड़ा सीजन

## 84 मैच खेले जाएंगे, हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी, 28 मार्च को शुरुआत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**चुनाव की वजह से पूरा शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ-** अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**10 टीमें हिस्सा लेंगी** - लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

### प्लेऑफ कब से होंगे?

अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है।

# वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं शाकिब अल हसन

## ● वापसी पर विचार कर रहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हबीबुल बशर ने कहा है कि वह चाहते हैं कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन वापस वतन लौटकर कम से कम दो और वर्ष तक देश की तरफ से खेलें, जिसमें 2027 का वनडे विश्व कप भी शामिल है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के सदस्य रहे 38 वर्षीय शाकिब अपनी सरकार के पतन के बाद अमेरिका चले गए थे और अंतरिम सरकार ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया था। लेकिन इस साल की शुरुआत में नई सरकार के गठन के बाद पद संभालने वाले बशर चाहते हैं कि शाकिब वापस वतन लौटकर फिर से देश की तरफ से खेलें।



बशर ने कहा कि शाकिब की वापसी पर विचार किया जा रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला में उन्हें टीम में रखना संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि इसमें अब बहुत कम समय बचा है। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अब अधिक समय नहीं बचा है। मुझे पता नहीं है कि हाल में शाकिब ने कितनी क्रिकेट खेली है। उनके बारे में मैं जितना जानता हूं उसके आधार पर यह कह सकता हूं कि वह ऐसे खिलाड़ी नहीं है जो कल आकर ही खेलना शुरू कर दें। बशर ने क्रिकबज से कहा, उन्हें भी अभ्यास की जरूरत पड़ती है। इसमें भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। निश्चित तौर पर अगर हम शाकिब के बारे में सोच रहे हैं तो उन्हें लंबे समय तक टीम से जोड़ने के बारे में सोचेंगे। शाकिब ने संन्यास लेने से पहले अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा व्यक्त की है, लेकिन बशर ने कहा कि यह दिग्गज क्रिकेटर अभी भी कम से कम दो साल और खेल सकता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं सोच रहा कि शाकिब एक श्रृंखला में खेलने के लिए आए और फिर वापस लौट जाएं। अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपना योगदान देते रहें और इसके लिए तैयारी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं चाहता हूं कि वह टीम से जुड़े और कम से कम 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेलें।

**मियामी ओपन**

# बेनसिक को हराकर कोको गॉफ की सेमीफाइनल में एंट्री



**मियामी (एजेंसी)।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेनसिक को हराकर मियामी ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह मैच अपने नाम किया।

**शानदार वापसी कर जीता मैच** - मैच में गॉफ ने पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे सेट की शुरुआत में भी वह पीछे चल रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से जीत लिया। यह मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं।

**मैच के बाद गॉफ का बयान** - जीत के बाद गॉफ ने कहा, यह एक मुश्किल मैच था। बेलिंडा एक मजबूत खिलाड़ी हैं। जब भी हम खेलते हैं, मैच लंबा चलता है। आज मुझे बहुत दौड़ना पड़ा, कुछ बार मैं गिरी भी, लेकिन जिस तरह से मैंने संघर्ष किया, उस पर मुझे गर्व है। इस पूरे हफ्ते मेरा यही मूलमंत्र रहा है।


**सेमीफाइनल में मुचोवा से भिड़ंत** - अब सेमीफाइनल में कोको गॉफ का मुकाबला चेक गणराज्य की स्टार खिलाड़ी करोलीना से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# बेन डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

## ● 2 साल के बैन का खतरा, सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था।

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस



पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

**डीसी ने 2 करोड़ में खरीदा था, पथुम निसांका से मिल रही थी चुनौती-** दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

**डकेट बोले- दिल्ली से माफी मांगता हूं, यह करियर के लिए जरूरी था-** 31 साल के डकेट ने 'द टेलीग्राफ' से बातचीत में कहा, यह बहुत कठिन फैसला था और मैं दिल्ली कैपिटल्स के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। जब मुझे ऑक्शन में चुना गया था, तब मैं बहुत उत्साहित था। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन मैंने अपने करियर के बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि अभी यही सही फैसला है।

### जॉनसन के लिए पिछला साल रहा था मुश्किल

जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। 30 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अब तक 5 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके अलावा वह 71 टी20 मुकाबलों का अनुभव भी रखते हैं।

जॉनसन पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2024 में गुजरात टाइटंस और 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। 2024 सीजन में उन्होंने 5 मैचों में 4 विकेट लिए थे, जबकि 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 1 विकेट हासिल कर सके। हालांकि, पिछले आईपीएल के बाद उन्हें बैक इंजरी हो गई थी, जिसके कारण वह बिग बैश लीग और 2026 टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर रहे। वहीं, पिछले साल आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

# केकेआर ने आंद्रे रसल के सम्मान में किया बड़ा ऐलान

## जर्सी नंबर 12 को रिटायर करने का फैसला

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नंबर 12 को रिटायर



करने का फैसला किया है। रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया। कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुकाबले केकेआर के लिए खेला है। पिछले साल नवंबर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे।

रसल ने कोचिंग की भूमिका अपनाने पर कहा, मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है। मैंने जिनके साथ या जिनके ख़िलाफ़ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है। मुझे ऐसा करने में खुशी महसूस हो रही है। 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों खिताबी सीजन का हिस्सा रहे थे। हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुकाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुकाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।

उस सीजन रसल ने 9 पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15.52 के गेंदबाज़ी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीजन केकेआर फाइनल तक पहुंची थी। रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएलटी 20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं।

# स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह बने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह को यूपी सरकार ने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया है। यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन और हाल ही में 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहने के कारण दिया गया है। रिंकू की इस उपलब्धि से उनके फैंस और खेल जगत में खुशी की लहर है।

**रिंकू सिंह की संभावित सैलरी** -मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर रिंकू सिंह को करीब 70,000 से 80,000 रुपये तक की सैलरी मिल सकती है। हालांकि, यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। असली सैलरी सरकारी नियमों और भत्तों के आधार पर अलग हो सकती है।



**इसमें शामिल प्रमुख कार्य हैं**

- खेल मैदानों और सुविधाओं का रखरखाव
- राज्य सरकार की खेल योजनाओं को लागू करना
- नए और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना
- खेल के स्तर को बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाना
- यह पद खेल के विकास और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# पेट्रोलियम स्पोर्ट्स लगातार तीसरी बार बनी राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियन

**रायपुर, छत्तीसगढ़ (एजेंसी)।** में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय टीम शतरंज चैंपियनशिप में महिला वर्ग में पीएसपीबी नें अंतिम राउंड में मेरी गोम्स, पद्मिनी रॉउत, निशा मोहता और पृषिता गुप्ता की जीत के चलते 4-0



से तमिलनाडु को मात देते हुए 12 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर पहला स्थान हासिल किया जबकि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया नें आंध्र प्रदेश को 3-1 से हराकर 12 अंक बनाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया जबकि महाराष्ट को 4-0 से पराजित करते हुए पश्चिम बंगाल तीसरे 9 अंकों पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर तीन अन्य टीमों को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर आने में कामयाब रही . यह लगातार तीसरा साल रहा जब पीएसपीबी नें इस खिताब को अपने नाम किया है ध्यान देने वाली बात यह है की इस टीम में चार बार की राष्ट्रीय चैंपियंन मेरी गोम्स और पाँच बार की राष्ट्रीय चैंपियन पद्मिनी रॉउत ने एक बार फिर अपने अनुभव से टीम को विजेता बनाया है। पुरुष वर्ग में आखिरी राउंड में रेलवे ए नें पांडीचेरी को 3.5-0.5 के बड़े अन्तर से पराजित करते हुए 16 मैच अंक और 26 गेम अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया, रेलवे ए की तरफ़ से हिमाल गुसेन, मित्रभा गुहा और श्याम निखिल नें जीत दर्ज की। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया नें मजबूत तमिलनाडु को 3.5-0.5 के बड़े अन्तर से मात दी, उनकी इस जीत में आदित्य डिंगरा, राहुल वीएस और साहिल दे का बड़ा योगदान रहा और टीम 15 मैच अंक और 25 गेम अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही वहीं अंतिम राउंड में रेलवे बी नें तमिलनाडु बी को 3-1 से मात दी और 14 मैच अंक और 26 गेम अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर रही। अन्य टीमों में तेलंगाना, केरलम, हरियाणा, उड़ीसा, तमिल नाडु बी, दिल्ली, उत्तराखंड क्रमशः चौथे से दसवें स्थान पर रही।

## न्यूज बाइट्स

### जलभरी यात्रा के साथ दाउदनगर में नवाह परायण यज्ञ शुरू

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर में श्री रामनवमी महोत्सव के अवसर पर नवाह परायण यज्ञ का शुभारंभ जलभरी यात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साह के बीच किया गया। श्री रामचरित मानस यज्ञ समिति के तत्वावधान में सत्संग नगर स्थित सत्संग स्थल पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया है। यज्ञ की शुरुआत भव्य जलभरी यात्रा से हुई, जो सत्संग नगर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए भखरुआं मोड़ तक पहुंची। इसके बाद मौलाबाग स्थित सूर्य मंदिर तालाब में हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित देव शरण मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत जलभरी संपन्न कराई गई। जलभरी के उपरांत कलश यात्रा पटवा टोली रोड, कसेरा टोली रोड और सुक बाजार रोड से होते हुए पुनः सत्संग स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष कुमार नरेंद्र देव, राजाराम प्रसाद, पूजा व्यवस्था प्रमुख पप्पू गुप्ता, कृष्णा केसरी, नाथु साव, रामचंद्र प्रसाद, मुकुल किशोर, रोहित कुमार एवं सत्री राज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति से जुड़े पप्पू गुप्ता ने जानकारी दी कि 26 मार्च (गुरुवार) को यज्ञ मंडप में अग्नि प्रवेश कराया जाएगा, जिसके साथ यज्ञ विधिवत प्रारंभ होगा। परंपरा के अनुसार भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार को श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना करेंगे।

### खरांटी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के ओबरा प्रखंड के खरांटी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह और श्रीमद् भागवत कथा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना हुआ है। आयोजन स्थल पर मंडप निर्माण, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष सहजानंद कुमार डीकू, कोषाध्यक्ष राम लखन पांडेय और उपाध्यक्ष नारायण साव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि इस भव्य आयोजन का शुभारंभ 18 अप्रैल 2026 को कलश शोभायात्रा और मंडप प्रवेश के साथ होगा।

अर्घ्य के समय पूरे वातावरण में भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली

# दीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ चैती छठ, देव सूर्यनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



ऐतिहासिक देव सूर्यनगरी में चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन बुधवार की सुबह उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हो गया। देव सूर्य मंदिर, सूर्यकुंड और रुद्रकुंड घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को आस्था के महासंगम में बदल दिया। तड़के सुबह से पहले ही घाटों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। देर रात से ही व्रतियों का आना शुरू हो गया था और सुबह चार बजे तक लगभग 3 से 4 लाख व्रती घाटों पर पहुंच चुके थे। शहर की हर सड़क, गली और घाट श्रद्धालुओं से भर गया। कई श्रद्धालु डेढ़ से दो किलोमीटर पैदल चलकर सूर्यकुंड तक पहुंचे, लेकिन आस्था के आगे दूरी और थकान भी फीकी पड़ गई। अर्घ्य के समय पूरे वातावरण में भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली। जल में खड़े व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और "छठी मइया" के जयकारों से पूरा देव नगरी गूंज उठा। भीड़ अत्यधिक होने के बावजूद व्यवस्थाएं संतुलित और सुव्यवस्थित रहीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

मेले को सुरक्षित और सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। करीब 400 दंडाधिकारियों और 1600 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के कैडेट भी श्रद्धालुओं की सहायता में सक्रिय रहे। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही थी, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल स्वयं रातभर मेला परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। अधिकारियों द्वारा लगातार ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए जाते रहे। तीन शिफ्ट में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती से 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रही। अर्घ्य के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ देव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। विशेष रूप से बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, देव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश के त्रिदेव स्वरूप में विराजमान हैं, जो इस स्थल को अत्यंत विशेष बनाता है। यही वजह है कि बिहार ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से भी श्रद्धालु यहां चैती छठ मनाने पहुंचते हैं। यह मेला एक बार फिर आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का अद्भुत प्रतीक बनकर उभरा है।

## आस्था का संगम : डीएम-एसपी ने दिया उदीयमान सूर्य को अर्घ्य



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

औरंगाबाद में आयोजित ऐतिहासिक देव चैती छठ मेला के दौरान बुधवार की सुबह आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने देव स्थित सूर्यकुंड तालाब में हजारों श्रद्धालुओं के साथ उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। जैसे ही सूर्योदय हुआ, घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर भगवान भास्कर की आराधना की और पूरा वातावरण "छठी मइया" के जयघोष से गूंज उठा। सूर्यकुंड परिसर में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में व्रत का पालन करते हुए पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना में लीन दिखीं। घाटों पर दीपों की रोशनी, भक्ति गीतों की गूंज और भक्तों की आस्था ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।

जिला प्रशासन ने देव चैती छठ मेला को लेकर व्यापक और सुदृढ़ तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल के साथ-साथ दंडाधिकारी भी तैनात रहे, जिससे मेला शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन की तत्परता और सजगता के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई और सभी ने पूरे विश्वास एवं भक्ति के साथ भगवान सूर्य की उपासना की। देव चैती छठ मेला एक बार फिर आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा है।

## पूर्वा एक्सप्रेस से गिरकर युवक की हुई मौत, हादसे से मचा कोहराम



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। यह घटना रफीगंज स्टेशन के समीप गुमटी पोल संख्या 506/10 के पास हुई, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान मई गांव निवासी फिरोज अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, तनवीर अपने घर से कोलकाता जाने के लिए नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस में सवार हुआ था। उसका आरक्षित टिकट बी-4 कोच में था। यात्रा के दौरान अज्ञात कारणों से वह ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि तनवीर अंसारी अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके पिता सऊदी अरब में कार्यरत हैं। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने रेलवे और प्रशासन को सूचित किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि सूचना मिलने पर जवानों को मौके पर भेजा गया था, लेकिन तब तक परिजन शव को अपने साथ लेकर जा चुके थे। इस हादसे ने एक बार फिर रेल यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सड़क किनारे युवक की संदिग्ध मौत

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मदनपुर बाजार स्थित एनएच-19 पर एमएस मॉल के पास सड़क किनारे युवक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान झिकटिया गांव निवासी लक्ष्मी सिंह के 48 वर्षीय पुत्र प्रमोद सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर जांच करने पर उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना तुरंत मदनपुर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। शव के पास से मिले मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के भाई अनुज कुमार सिंह ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि प्रमोद सिंह ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे और मंगलवार दोपहर घर से निकले थे, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटे।

## रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट: बिना लाइसेंस नहीं निकलेगा जुलूस, डीजे व हथियारों पर सख्त रोक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



आगामी रामनवमी पर्व को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विधि-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस संचालन और संवेदनशील स्थलों की निगरानी को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूसों का लाइसेंस अनिवार्य होगा। बिना अनुज्ञप्ति किसी भी प्रकार की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस के लिए जारी अनुज्ञप्ति में निर्धारित समय, मार्ग एवं शर्तों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। प्रशासन ने जुलूस के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का हथियार प्रदर्शन, तलवारबाजी या शक्ति प्रदर्शन पूरी तरह वर्जित रहेगा। बिना प्रशासनिक अनुमति कोई भी सांस्कृतिक या धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकेगा।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी जुलूसों के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जाएगी। साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी और सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा डीजे और तलवार जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करते हुए पूर्व में उत्पन्न विवादों और संभावित संवेदनशील स्थलों की समीक्षा के बाद ही अनुज्ञप्ति जारी की जाए। जुलूस मार्ग को अवरोधमुक्त रखने तथा मार्ग में पड़ने वाले मंदिर, मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थलों के पास विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकतानुसार संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग भी कराई जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जयप्रकाश नारायण, मोहम्मद सादुल हसन खां, उमेश पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर अमित राजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्वा एक्सप्रेस से गिरकर युवक की हुई मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड पर एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना रफीगंज स्टेशन के समीप रेलवे क्रॉसिंग पोल संख्या 506/10 के पास की है, जहां नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस से गिरने के कारण युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान मई गांव निवासी फिरोज अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तनवीर अंसारी कोलकाता जाने के लिए पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था। उसका आरक्षण बी-4 कोच में था। यात्रा के दौरान किसी अज्ञात कारणवश वह ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि तनवीर अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके पिता सऊदी अरब में रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेलवे एवं प्रशासन को दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर भेजा गया।

## ट्रैक्टर से गिरकर किशोर की दर्दनाक मौत

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक हृदयविदारक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की ट्रैक्टर से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शिव सागर गांव के पास हुई, जिसने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरतिया गांव निवासी विनय राम के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। कुंदन अपने माता-पिता के साथ कोईरीडीह स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। करीब 45 दिन पहले ही परिवार रोजी-रोटी की तलाश में झारखंड से औरंगाबाद आया था। बताया जाता है कि आर्थिक तंगी के कारण कम उम्र में ही कुंदन अपने माता-पिता का सहारा बन गया था और भट्ठे पर काम कर परिवार की मदद कर रहा था।

बुधवार को कुंदन ट्रैक्टर पर ईंट लादकर अनलोड करने जा रहा था। इसी दौरान शिव सागर गांव के पास तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे सड़क पर गिर पड़ा। गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। ईंट भट्ठा संचालक और मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। नवीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया।

थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है। इकलौते बेटे की मौत से टूटा परिवार

कुंदन कुमार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो छोटी बहनें हैं, जिनकी जिम्मेदारी अब पूरी तरह माता-पिता के कंधों पर आ गई है। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में मातम का माहौल है। इस घटना ने एक बार फिर ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों की सुरक्षा और बाल श्रम के मुद्दे को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर नाबालिग बच्चों से जोखिम भरे काम कराए जाते हैं, जिससे ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं।

## एनडीपीएस मामले में 10 साल सश्रम कारावास, एक आरोपी बरी

- प्रत्येक धारा में 1-1 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया
- जुर्माना नहीं देने पर 6-6 महीने अतिरिक्त साधारण कारावास

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज द्वितीय की अदालत ने एनसीबी के चर्चित क्राइम केस (संख्या-12/22, जीआर-16/22) यूनियन ऑफ इंडिया बनाम विनय पांडेय व अन्य में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त को कठोर सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने जानकारी दी कि प्राथमिक अभियुक्त विनय पांडेय (मुफ्फसिल, आरा) को पहले ही 9 मार्च 2026 को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी करार दिया गया था। इसके बाद सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने उसे एनडीपीएस एक्ट की दो धाराओं में 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक धारा में एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में छह-छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले में स्पेशल पीपी ने बताया कि 9 अप्रैल 2022 को एनसीबी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालक विनय पांडेय को 127.9 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद से ही अभियुक्त जेल में बंद था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस मामले में एक अन्य अभियुक्त भजन मेयर को साक्ष्य के अभाव में 9 मार्च 2026 को ही दोषमुक्त कर दिया गया था। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी अभियुक्त को पुनः न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अदालत के इस फैसले को मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## गंगा को स्वच्छ बनाने हेतु सभी नदियों की भी स्वच्छता आवश्यक : डीएफओ




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रांगण में डीएफओ के पत्र के आलोक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने नमामि गंगा योजना के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में नदियों की स्वच्छता एवं निर्मलता हेतु पेंटिंग, जल संचयन हेतु शपथ एवं जागरूकता मार्च के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किये। जिले की डीएफओ रुचि सिंह कार्यक्रम की डीपीओ प्रिया अग्रहरी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों को जल की महत्ता एवं उनके सदुपयोग के लिए शपथ दिलाईं एवं नदियों की सामाजिक जीवन में महत्ता एवं उसमें निहित मानव जीवन के भविष्य को रेखांकित करने के उद्देश्य को जन जन तक संप्रेषित करने के लिए बच्चों के जागरूकता मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये।

स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली में नदियों की निर्मलता को बनाए रखने के लिए नारों का उद्घोष की। जिला मुख्यालय के विभिन्न सड़कों से होते हुए मार्च वापस अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रांगण में जमा हुए जहां डीपीओ प्रिया एवं प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता रही रीना, मानवी एवं स्नेहा को पुरस्कृत किए। कार्यक्रम में वनपाल पुष्पमाला कुमार, अशोक कुमार एवं वनरक्षी अवतार एवं शब्बीर के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र पाल शिक्षिका शारदा सिंह एवं करुणा सिन्हा उपस्थित रहीं।

## एलपीजी आपूर्ति सामान्य, प्रशासन ने दी पारदर्शी वितरण की हिदायत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बुधवार 25 मार्च 2026 को की गई, जिसमें यह पाया गया कि गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है और लंबित बुकिंग का निष्पादन भी लगातार किया जा रहा है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7565 सिलेंडरों की मांग के मुकाबले लगभग 6550 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप आपूर्ति प्रक्रिया संतुलित ढंग से संचालित हो रही है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया है। साथ ही स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

प्रखंड स्तर पर भी निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था पर नजर रखने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। आमजन की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (फोन नंबर 06186-295027) को सक्रिय रखा गया है, जहां लोग अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। 25 मार्च को प्राप्त कुल 12 शिकायतों में से 11 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि एक शिकायत पर कार्रवाई जारी है।

जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। फिलहाल इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। नीतिगत स्तर पर भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि रिफिल बुकिंग की समय-सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन की समय-सीमा पूर्ववत लागू है। इसके अलावा कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर पूर्व संकट स्तर का 50 प्रतिशत कर दिया गया है। सभी कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं को ओएमसी के साथ पंजीकरण तथा पीएनजी के लिए आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## भीषण आग से तीन परिवार बेघर

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** ओबरा स्थित खुदवा थाना क्षेत्र के मोख्तियारपुर गांव में बुधवार देर शाम भीषण आग लग गई। इस घटना में तीन गरीब परिवारों के घर जलकर राख हो गए, जिससे वे बेघर हो गए। प्रभावित किसानों में मिसरी साव, चीनी साव और नागदेव साव शामिल हैं, जिन्हें भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, आग अचानक लगी और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। घरों में रखा खेसारी, मसूर, मटर सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। नागदेव साव की झोपड़ी में बंधी एक बछिया की आग में जलने से मौत हो गई, जबकि एक गाय गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान हो चुका था। मिसरी साव और चीनी साव को लगभग 25-25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि नागदेव साव का नुकसान लगभग 40 हजार रुपये आंका गया है। फिलहाल, आग कैसे लगी, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

## चैती छठ व नवरात्रि पर भव्य भजन-सत्संग, औरंगाबाद में गूंजे भक्ति के स्वर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



चैत्र नवरात्रि एवं चैती छठ के पावन अवसर पर मंगलवार की देर शाम स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर सह शिव मंदिर परिसर में स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा भव्य भजन-सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डी. आनंद द्वारा छठ माता के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति से हुआ। "जोड़े-जोड़े नारियल" और "कांच ही बांस के बहंगिया" जैसे लोकप्रिय छठ गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। "छठ मैया की जय" और "आदित्य देवता की जय" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजलि आनंद उर्फ अंजू देवी ने छठ पर्व की महत्ता बताते हुए कहा कि चैती छठ में प्रथम अर्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया जाता है। उन्होंने इसे प्रकृति के प्रति समर्पण और शुद्धता का प्रतीक बताया। वहीं बबलू सिंह ने कहा कि छठ एकमात्र ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते और उगते दोनों सूर्य की उपासना की जाती है, जो इसे विशिष्ट बनाता है। प्रोफेसर अनुराग ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक समय में चैती छठ पूजा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और समाज के सभी वर्गों की इसमें सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

## 17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मियों का धरना, 11 फरवरी से कामकाज ठप

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर औरंगाबाद सहित पूरे बिहार में राजस्व कर्मचारी 11 फरवरी से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। इसी क्रम में दानी बिगहा में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। धरना के दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मई 2025 में 17 सूत्री मांगों को लेकर 27 दिनों तक चली हड़ताल के बाद 2 जून 2025 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव के साथ लिखित समझौता हुआ था। इस समझौते में ग्रेड पे 1900 से बढ़ाकर 2800 करने, पदनाम बदलकर सहायक राजस्व अधिकारी करने, निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरण, क्षेत्रीय भत्ता देने तथा कार्यालयों में इंटरनेट और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने जैसी महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बनी थी।

हालांकि, अब तक इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद समझौते का पालन नहीं किया गया, जिससे उन्हें पुनः हड़ताल पर जाने को मजबूर होना पड़ा है।